3 बस्तर संभाग
महाविद्यालय में ओजोन परत संरक्षण के लिए छात्रों ने ...

6 अभिमत
पर्दे पर साथ दिखेगी शाहिद कपूर और करीना


10 छत्तीसगढ़
साढ़े चार साल तक जुआ व शराब के मामले में शांत बैठी पुलिस...

11 छत्तीसगढ़
मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 18 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-27 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को दी तीजा तिहार की बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक तिहार तीजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की है। बघेल ने सभी तीजहारिन माताओं और बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में तीजा पर्व का अपना विशेष महत्व है। महिलाओं द्वारा हरतालिका तीजा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। माताएं-बहनें तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करूभात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं।

### शाह ने हैदराबाद मुक्ति संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हैदराबाद के मुक्ति संग्राम के दौरान शहादत देने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुक्ति दिवस समारोह के हिस्से के रूप में सिकंदराबाद के परेड मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने से पहले शाह ने इस अवसर पर हैदराबाद की पहली रियासत के लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर संदेश पोस्ट किया।

### फेड रिजर्व के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़े से हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर पर अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1239.72 अंक अर्थात 1.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 372.4 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20192.35 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई।

# कांग्रेसी विधायक रामकुमार यादव का वीडियो नोटों के बंडलों के साथ हुआ वायरल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर विधानसभा के विधायक रामकुमार यादव का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विधायक सोफे पर बैठे पानी पीते हुए दिख रहे। वहीं एक व्यक्ति नोटों की बंडल के साथ बेड पर बैठा नजर आ रहा है। जबकि एक व्यक्ति बोल रहा है कि- एसोसिएट के नाम से सर, आवाज क्लियर नहीं है। हालांकि यह वीडियो कब का है यह स्पष्ट नहीं है इस इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा महामंत्री और पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि ये हैं कांग्रेस के छत्तीसगढ़ में चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव हैं। अपने आप को गरीब और बेचारा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। विधायक बनने से पहले वे गरीब थे भी। बाप दादा और खुद बैल चराते भी थे, जैसा कि वे खुद भी दावा करते हैं। लेकिन सोशल मीडिया में वायरल हो रहे इस वीडियो में देखिए सामने रखे नोटों की गड्डी, कांग्रेस जवाब देने लायक नहीं रह गई है। पूरे कांग्रेस के सभी लोगों ने छत्तीसगढ़ को 5 साल जमकर लूटा है। कांग्रेसी भ्रष्टाचार की संस्कृति और माफियाराज, फ्लाईएश, रेत, कोयला, शराब सब में है माफियाराज।



## जब मुख्यमंत्री खुद एटीएम बन सकते हैं तो विधायक भी कुछ पैसे निकाल सकते हैं : चौधरी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी.चौधरी ने भूपेश बघेल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की चलाचली बेला में है और कांग्रेस के नेता अर्श से लेकर फर्श तक पैसा समेटने में लगे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही नहीं वरन् कांग्रेस के मंत्री, विधायक अपना आपा खोकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ को कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। छत्तीसगढ़ को भूपेश सरकार ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के लिए एटीएम बना दिया है। वहीं दूसरी ओर यहां के मंत्री विधायक लाखों -करोड़ों रुपये के घोटाले कर रहे हैं। उन्होंने भूपेश सरकार पर मफिया राज चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कोयला,पीएससी, चावल, धान, आउटसोर्सिंग, तेंदूपत्ता, गोठान, शराब, ऑनलाइन सट्टा मफिया को खुला संरक्षण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में करीब 20 लाख युवाओं के खाते खुलवा कर महादेव एप जिसका संचालन दुबई से हो रहा है,में करोड़ों रुपये का खेल भूपेश सरकार के राज में चल रहा है। कोयला घोटाले में रायगढ़ के एक कांग्रेस विधायक के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा है कि क्या उनमें इस वीडियो को स्वीकार करने की हिम्मत है। क्या उस विधायक के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के कोड़ातराई में हाल ही में हुई भाजपा की विजय शंखनाद रैली को लेकर कांग्रेसी लगातार दुष्प्रचार करते रहे कि मोदी जी नहीं आएंगे। मोदी वर्चुअल सभा में शामिल होंगे,लेकिन इसके उलट रायगढ़ की जनता ने कांग्रेसियों के मुंह पर जमकर तमाचा जड़ा। भारी बारिश के बावजूद करीब 1 लाख से ज्यादा लोग मोदी को सुनने पहुंचे और भाजपा की विशाल विजय शंखनाद रैली में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में जी - 20 यूथ सम्मेलन को लेकर रायगढ़ की सभा में मोदी के बयान को लेकर कांग्रेस के अनर्गल आरोप को लेकर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नवा रायपुर के आईएम में आयोजित हुआ था जिसमें करीब 15 देशों के यूथ शामिल हुए थे। यह आयोजन भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के द्वारा आयोजित हुआ था। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। कांग्रेसियों का मोदी पर दिया गया बयान उनके मानसिक दीवालियेपन को दर्शाता है। चौधरी ने कहा कि मोदी के 9 सालों में विकास हुआ है यह नजर आता है। जबकि छत्तीसगढ़ की पौने 5 साल की कांग्रेस सरकार ने विकास का कोई कार्य नहीं किया है।

# गोबर घोटाला पहली बार सुना, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को भी जाना होगा जेल : डॉ. सावंत



## राजनांदगांव और अर्जुनी आमसभा में गरजे डॉ. रमन एवं प्रदेशाध्यक्ष साव

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र शुरु की गई भाजपा की परिवर्तन यात्रा शनिवार को जिले के डोंगरगांव और राजनांदगांव विधानसभा पहुंची। इसमें शामिल हुए गोवा के सीएम डॉ. प्रमोद सावंत ने भूपेश सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि -जिस तरह सीएम के अधिकारी घोटालों में जेल गए हैं, एक दिन सीएम को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाना होगा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से छग में निकाली गई परिवर्तन यात्रा शनिवार को डोंगरगांव विधानसभा के अजुनी पहुंची। जबकि इसके बाद सभा राजनांदगांव के कृषि उपज मंडी पहुंची जहां बड़ी आमसभा आयोजित हुई। परिवर्तन यात्रा का बालोद डौण्डीलोहारा देवरी मार्ग से डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश हुआ। अजुनी स्थित राम मंदिर परिसर में जनसभा का आयोजन किया गया था। आमसभा में गोवा प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बतौर मुख्य वक्ता विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वैसे तो कांग्रेस सरकार और घोटाले एक दूसरे के पर्यायवाची हैं, लेकिन यहां आने के बाद उन्हें पता चला कि गोबर में भी घोटाला हो सकता है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार पर तीखे हमले करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश राज में तो उनकी अपनी पार्टी की ही महिला विधायक सुरक्षित नहीं है, फिर आमजनता की बात ही छोड़ दीजिये।

### भौंरा बाँटी के अविष्कारक नहीं बघेल

प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि पौने पांच साल में सरकार ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित आधारभूत संरचना के लिए कोई काम नहीं किया। पूरी कांग्रेस सरकार सिर्फ भौरा, बांटी खेलने और गेंड़ी चढ़ने में व्यस्त है। साव ने कहा कि भूपेश बघेल तो ऐसा दिखावा कर रहे हैं जैसे भौंरा, बांटी और गेंड़ी का अविष्कार उन्होनें ही किया है, जबकि ये सब खेलते खेलते हमारी कई पीढ़ी बीत गई।

### राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने का वक्त

बीजेपी की पत्रकारवार्ता में गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि भूपेश सरकार चंद दिनों की मेहमान है। उनका आरोप है कि नैसर्गिक संपदा से भरपूर इस राज्य को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोटालों और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। शराब, गोबर, कोयला और चावल घोटालों में यह सरकार पूरी तरह से डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने का वक्त आ गया है। छत्तीसगढ़ सरकार को मोदी सरकार ने बीते 5 साल में 2 लाख करोड़ रुपए बुनियादी संरचना को मजबूत करने के लिए दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में घोटाले करने वालों को निश्चित तौर पर जेल जाना होगा। चारा घोटाले में लालूप्रसाद यादव को जेल यात्रा करनी पड़ी। शराब घोटाले में मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े अफसरों को जेल जाने पर गोवा के सीएम ने कहा कि जल्द ही कई और बड़े लोग सलाखों के पीछे होंगे।

## मुर्मु, धनखड़, शाह, खड़गे ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं कामना करती हूं कि आप अपनी दूरगामी दृष्टि और मजबूत नेतृत्व से समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करें। भारत का विकास अमृत काल में हो। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और अपने अद्भुत नेतृत्व से देशवासियों का नेतृत्व करते रहें। धनखड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजभवन सचिवालय में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोलंबो में सिराज का 'राज', भारत आठवीं बार एशिया कप चैंपियन

एजेंसी ◀ कोलंबो
www.dailypioneer.com




मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्राफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था। इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्मायी गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा जिन्होने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। जवाब में भारत के इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने औपचारिकता निभाते हुये 6.1 ओवर में 51 रन बना कर भारत के नाम ऐतिहासिक जीत दर्ज करा दी। एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुये यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने सबसे ज्यादा आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत की यह जीत अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिये संजीवनी साबित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुये लक्ष्य का पीछा करने का मौका शुभमन गिल के साथ युवा इशान किशन को दिया जो तेज गति से खेलते हुये कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। क्रिकेट के दीवानो द्वारा दिये गये उपनाम मियां मैजिक यानी मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच श्रीलंका की बल्लेबाजी के कब्रगाह बन गयी। हल्की बरसात के कारण करीब 40 मिनट की देरी से शुरू हुये मैच में सिराज ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये अपने दूसरे ओवर में एक के बाद एक चार विकेट (पथुम निसंका,सदीरा समराविक्रमा, चरिथ असलंका,धनजंय डिसिल्वा) चटका कर श्रीलंका को मुश्किलों के दलदल में धकेल दिया। इस दलदल से फंसी श्रीलंका की पारी ने छटपटाते हुये 15.2 ओवर के खेल में 50 रन पर दम तोड़ दिया।

## विंश्वसनीय बनाने के लिए तोप, मिसाइल , राकेट, ड्रोन तथा गोला बारूद से लैस करने में जुटी

# मारक क्षमता बढाने के लिए अत्याधुनिक तोप मिसाइल, राकेट और ड्रोन से लैस होगी सेना

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

चीन और पाकिस्तान के दोहरे मोर्चों पर उत्पन्न चुनौतियों तथा युद्ध में प्रौद्योगिकी की दिनों दिन बढती भूमिका को देखते हुए सेना किसी भी जंग में दुश्मन की कमर तोड़ने वाली आर्टिलरी रेजिमेंट यानी तोपखाना रेजिमेंट की मारक क्षमता बढाने और इसे सटीक तथा विश्वसनीय बनाने के लिए अत्याधुनिक तोप, मिसाइल , राकेट, ड्रोन तथा गोला बारूद से लैस करने में जुटी है। पिछले करीब डेढ वर्ष से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के विश्लेषण के आधार दुनिया भर की सेनाओं ने इस बात को माना है कि भले ही बीते दशकों में युद्ध का स्वरूप कितना ही बदल गया हो लेकिन किसी भी जंग को जीतने के लिए अत्याधुनिक, सशक्त और नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित हथियारों से लैस आर्टिलरी बहुत जरूरी है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने आर्टिलरी रेजिमेंट के महत्व को स्थापित करने के साथ साथ इस बात को भी साबित किया है कि अब सेनाओं को लंबी लड़ाईयों के लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए पर्याप्त संसाधन और हथियारों की जरूरत होगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए आर्टिलरी रेजिमेंट अपनी मारक क्षमता बढाने तथा हथियारों के जखीरे को पुख्ता करने की समयबद्ध और दीर्घकालिक रणनीति तथा योजना पर काम कर रही है। इस योजना में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए अधिक से अधिक स्वदेशी हथियारों की खरीद पर जोर दिया जा रहा है। योजना के तहत आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए 155 एमएम और 52 कैलिबर की 300 स्वदेशी एडवांस टोवड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस),300 माउंटेड गन सिस्टम की खरीद की जा रही है। सेना का अनुमान है कि रक्षा क्षेत्र में स्वेदशीकरण की रफ्तार को देखते हुए अगले डेढ दशक में उसके तोपखाने में सभी हथियार और तोप स्वदेशी होंगे। सूत्रों ने कहा कि चीन और अन्य बड़े देशों की सेना अब अपनी सभी तोपों को 155 एम एम की तोप में बदल रहे हैं और इसे देखते हुए भारतीय सेना भी 155 एम एम की अधिक से अधिक तोप खरीदने की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा सेना कम समय में सटीक वार करने वाली करीब 100 के-9 वज्र तोप खरीदरने जा रही है। चीन के साथ जारी तनाव को देखते हुए भी इन तोपों की खरीद को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सेना भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए धनुष , सारंग , अल्ट्रा लाइट हाविट्जर तोपों को भी विशेष तरजीह दे रही है। इसके अलावा लंबे समय तक सेना की रीढ रही और कारगिल लड़ाई में अपना दम खम दिखाने वाली बोफोर्स तोप भी अभी सेना की ताकत बढा रही है और सूत्रों का कहना है कि हाल फिलहाल इसे हथियारों के जखीरे से बाहर करने की योजना नहीं है। सेना का मानना है कि आर्टिलरी रेजिमेंट की मारक क्षमता को बढाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस प्लेटफार्म की खरीद जरूरी है। इसके साथ ही लंबी दूरी तक सटीक मार करने वाले रॉकेट तथा मिसाइलों की संख्या जितनी ज्यादा होगी आर्टिलरी की ताकत उतनी ही बढेगी। चौकस निगरानी और लक्ष्य निर्धारण प्रणाली पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि पिनाका राकेट की सफलता को देखते हुए इसकी खरीद को आगे बढाया जा रहा है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से इसकी मारक रेंज को 120 से 300 किलोमीटर तक बढाने पर काम करने के लिए कहा गया है। डीआरडीओ से विभिन्न ब्रह्मोस की तरह अन्य मिसाइलों की रेंज बढाने की दिशा में भी संभावनाओं का पता लगाकर उन पर काम करने को कहा गया है।




## धनखड़ ने नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नये संसद भवन पर रविवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए कहा कि भारत युग परिवर्तन का साक्षी बन रहा है और दुनिया भारतीय ताकत, सामर्थ्य और योगदान को पहचान रही है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन के गज द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने इसे विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर बताते हुए कहा कि भारत युग परिवर्तन का गवाह बन रहा है, और दुनिया भारत की ताकत, सामर्थ्य और योगदान को पूरी तरह से पहचान रही है। उन्होंने ने कहा, हम एक ऐसे समय में हैं जहां ऐसी विकास और उपलब्धियां देख रहे हैं जिनके बारे में हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। हमारी जमीनी हकीकत आज विश्व स्तर पर सबसे सकारात्मक तरीके से परिलक्षित हो रही है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, राज्यसभा और लोकसभा के महासचिव तथा सचिवालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीरः अनंतनाग अभियान कर गया पांचवें दिन में प्रवेश

एजेंसी ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान रविवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। घने जंगल के कारण अनंतनाग में गाडोल कोकेरनाग का ऑपरेशन बलों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। सेना आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए ड्रोन और उच्च क्षमता वाले बमों का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि, अभी तक किसी आतंकी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों ने कहा, यह क्षेत्र असाधारण रूप से सीमित है, जहां एक तरफ घने जंगल हैं और दूसरी तरफ खड़ी खाई है। सुरक्षा बलों ने गडोल कोकेरनाग में एक सख्त बहु-स्तरीय घेरा डाला हुआ है। शनिवार को एक ड्रोन फुटेज में बल की कार्रवाई में एक संदिग्ध ठिकाने को नष्ट होते दिखाया गया। फुटेज के एक अन्य हिस्से में एक आतंकवादी को एक ठिकाने पर गोले लगने के बाद छिपने के लिए भागते हुए दिखाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इलाका कठिन और चुनौतीपूर्ण होने के कारण ऑपरेशन में समय लग रहा है तथा सुरक्षा बल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे है। सुरक्षा बलों का यह अभियान दो सम्मानित सेना अधिकारियों, 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, उनके कंपनी कमांडर, मेजर आशीष धोंचक, और पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजामिल भट के बुधवार को एक ऑपरेशन में शहीद होने के बाद से चल रहा है। सेनाएं आतंकवादियों को मार गिराने के लिए यूएवी का इस्तेमाल कर रही हैं और मोर्टार दाग रही हैं।



# श्रद्धा और विश्वास के पावन पर्व


# तीजा

## पर माताओं और बहनों को शुभकामनाएं

Samvad - 38519/53

## समान अवसर और अधिकारों से नारी शक्ति का सम्मान

- महिला स्व-सहायता समूहों के 12.77 करोड़ रुपये का ऋण माफ
- राज्य महिला कोष मद में 5 गुना वृद्धि
- ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण, जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को मिला अधिकार
- महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 1.8 लाख महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा
- पंजीकृत श्रमिक परिवार की दो बेटियों को 1-1 लाख रु की सहायता (12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर)
- महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु राज्य महिला उद्यमिता नीति 2023-28 के तहत 10-50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# महाविद्यालय में ओजोन परत संरक्षण के लिए छात्रों ने लिया संकल्प

## प्रतियोगिता के जरिए ओजोन के महत्व को समझाया

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के मार्गदर्शन में केमिकल सोसायटी द्वारा विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर दो-दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र शुक्रवार को हुआ, जिसमें ओजोन दिवस के महत्व और इतिहास की चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में ओजोन परत संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के पहले दिन पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन, महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं ओजोन परत संरक्षण के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया। साथ ही एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें ओजोन पर्त के प्रभाव को समझाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हें ओजोन के संरक्षण के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन केमिकल सोसायटी के सदस्यों द्वारा किया गया और यह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय द्वारा आयोजित गई, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शोभाराम यादव, डॉ आकाश वासनीकर, रूपा सोरी, लोचन सिंह वर्मा, डॉ. देवाशीष हालदार सर, नंद कुमार साहू और हनी चोपड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में डिकेश्वरी नाग प्रथम, निभा शर्मा द्वितीय और माहीन हुसैन ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में हर्षवर्धन श्रीवास, तनू यादव, नवीना सेठिया और आंचल देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि डिकेश्वरी नाग, दिव्या निषाद, मनीष सिंह, और कांची साहू ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मनसा गुप्ता, मिनीता, कामेश्वर सेठिया, और प्रीति राय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनसा गुप्ता, द्वितीय स्थान पर सुष्मिता साहा और तृतीय स्थान पर सौम्या दुबे रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नमृता नाग, आयुषी बॉल और मंजू मंडावी ने जीत हासिल की जबकि, द्वितीय स्थान पर शालिनी पोयाम, निभा शर्मा और ईश्वरी पांडे रहीं। प्रेमबती, डिगेश्वरी ठाकुर, और संगीता नेताम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक, प्रयोगशाला तकनीशियन और अन्य स्टाफ के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी किरन्दुल के विभिन्न विभागों में की गई विश्वकर्मा पूजा



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की लोह अयस्क की खदानों किरंदुल परियोजना में इस वर्ष भी रविवार को विश्वकर्मा पूजा बड़े धूमधाम के साथ किया गया।बता दें एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की तीनों खदानों डिपॉजिट 14,11 सी एवं 11 बी की तीनों खदानों में एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक ने देवशिल्पी विश्वकर्मा जी की पूजा की तथा संयंत्रों, डाउनहिल, स्क्रीनिंग प्लांट, लोडिंग प्लांट, सिविल विभाग, परियोजना अस्पताल में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना की लोह अयस्क खदानों में विश्वकर्मा पूजा के दिन छत्तीसगढ़, ओडिसा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। पर्यटक पूजा अर्चना के साथ साथ बैलाडिला की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठाने के साथ ही परियोजना के कर्मचारियों द्वारा कबाड़ के जुगाड़ से बनाये गए आकर्षक मॉडलों, एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में चन्द्रयान 3 के मॉडल देखकर पर्यटकों ने काफी प्रशंसा की। इसके अलावा एनएमडीसी की भारी भरकम मशीनों डम्पर, डोजर, सावल, के साथ सेल्फी लेते हुए काफी खुश नजर आएं। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना द्वारा भी विश्वकर्मा पूजा के दिन आगंतुक सभी पर्यटकों को खदानों तक जाने के लिए किरंदुल टाउनशिप से बसों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय हैं कि साल में सिर्फ एक दिन विश्वकर्मा पूजा के ही दिन एनएमडीसी की खदाने आम जनता के लिए खोली जाती हैं ।जिस कारण बैल के डील सी दिखने वाली पहाड़ियों का लुत्फ उठाने एवं भारी भरकम मशीनों के साथ सेल्फी लेने एवं कर्मचारियों के द्वारा बनाये गए जीवित मॉडलो का आनंद लेने परियोजना में हजारों पर्यटकों का आगमन हुआ। मौके पर एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक बी के माधव, डॉ रजनीश शाह, डॉ मनीषा लाल, डॉ श्लील श्रीवास्तव, डॉ अंजू शाह, डॉ. डी के श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# पालनार पोटाकेबिन स्कूल में मनाया गया ओज़ोन परत दिवस



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

16 सितंबर शनिवार को आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया ने सीएसआर के तहत पालनार ग्राम पंचायत में पोटाकेबिन के स्कूली बच्चों के साथ विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना विश्व ओजोन दिवस पर चार श्रेणियों में पोस्टर प्रतियोगिता और पौधारोपण का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोहन सिन्हा प्रिंसिपल और शिक्षण स्टाफ, सुकालु मुड़ामी सरपंच पालनार, रामचन्द्र एएमएनएस, डॉ. तेज प्रकाश, श्रीनिवास, जीवीआर राव, जगमोहन वेट्टी और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# किरन्दुल बीटीओए में किया गया विश्वकर्मा पूजा



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल रिंग रोड न. 04 स्थित बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन कार्यालय में रविवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की पूजन की गई। बता दें बीटीओए में विश्वकर्मा जी का प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से पूजन हवन एवं आरती किया गया एवं सदस्यों द्वारा संस्था एवम नगरवासियों के लिए मंगलकामना की गई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बीटीओए अध्यक्ष ए अनिल, सचिव गौरंग साहा,संतोष दुबे, आकाश गोयल, आशीष सिन्हा, प्रकाश मंडल उपस्थित थे।

# युवाओं के चहेते सलमान नवाब बने प्रदेश प्रवक्ता जिले में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव शुरू हो गया है। दीपक बैज ने राज्य इकाई के अध्यक्ष बनने के बाद मीडिया विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने 21 युवा प्रवक्ताओं की एक नई लिस्ट जारी की है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के सलमान नवाब राहुल कर, आशीष चौबे जैसे पार्टी नेताओं को प्रवक्ता के तौर पर नामित किया है। इनके अलावा भी इस टीम का हिस्सा बहुत से युवा नेता हैं। दंतेवाड़ा के युवा नेता सलमान नवाब को प्रवक्ता बनाया गया है। जिससे जिले के युवाओं ने खुशी ज़ाहिर कर बधाई देते नहीं थके। तो वहीं सलमान नवाब ने भी देश के युवा सम्राट युवा नेता राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवतीकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी डा पलक वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव कोको पाड़ी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हारीतवाल, छबिंद कर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभारी आर्यन शर्मा, विमल सलाम समेत दंतेवाड़ा जिले के समस्त युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा लगातार तीसरी बार प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया मैं अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से और पार्टी के प्रति लगाव के साथ काम कर निभाऊंगा। आपको बता दें कि सलमान नवाब अपने पढ़ाई के दौरान एनएसयूआई से नेता बने और अपने क्षेत्र में नेताओं की श्रेणी में अपना स्थान अंकित किया।

# महिला समूह की कामयाबी-12 लाख 91 हजार रुपए के बेचे अंडे

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के छोटे राजपुर में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना से यहां की बमलेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों को जीने की नई राह मिली। इस समूह की अधिकांश महिलाएं अपने घरेलू कार्य के साथ मजदूरी करती थीं। खेती-किसानी के दौरान काम तो मिल जाता था, लेकिन बाकी समय इन्हें काम खोजने में मुश्किलें आती थी। गांव में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के बाद इन्होंने यहां अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। रीपा में इन्हें बिजली, पानी, लेयर फार्मिंग के लिए स्थान आदि सुविधाएं मिलने से कार्य प्रारंभ करने में आसानी हुई। इसी वर्ष मार्च में कार्य प्रारंभ करने के बाद यह स्व सहायता समूह अब तक 2 लाख 33 हजार 718 अंडों का उत्पादन कर चुका है, जिसमें 2 लाख 26 हजार 584 अंडों की बिक्री हो चुकी है। स्व सहायता समूह अब तक 12 लाख 91 हजार रुपए के अंडे बेच चुकी है।

# बहीगांव-गम्हरी रोड पर बढ़ता खतरा

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के बहीगांव से गम्हरी रोड़ के बीच के मार्ग पर बारिश के कारण एक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। इस सड़क की छोटी सी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है और बारिश से इसमें गड्ढा हो गया हैं जिससे यातायात करने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ गया हैं। यह समस्या सिर्फ राहगीरों के लिए ही नहीं हैं बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए भी जो इस सड़क से गुजरने के लिए अवश्यकता हैं। बारिश के कारण यह सड़क और कुछ अन्य सड़कों पर गढ़ड़े बन गए हैं, जो गाड़ियों के लिए खतरनाक हैं। इस समस्या के बावजूद, किसी ने भी इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया हैं। सड़क की सुरक्षा से जुड़े लोग अपनी जान की चिंता कर रहे हैं और इससे सामान्य जनता के लिए भी सड़कों पर सुरक्षा समस्याएं बढ़ गई हैं। इस मामले में आमजनों ने स्थानीय प्राधिकृतिक और नेताओं की अपील हैं कि, वे इस समस्या को जल्दी से हल करने के लिए कदम उठाएं और सुरक्षित सड़कों का महत्व समझें। यह न केवल राहगीरों की सुरक्षा के लिए हैं बल्कि सड़कों पर सफर करने वाले सभी लोगों के लिए भी हैं। अगर इस समस्या का समय पर समाधान नहीं किया गया, तो बड़ा हादसा हो सकता हैं। स्थानीय प्रशासन को इस समस्या को जल्दी से सुलझाने का कदम उठाना चाहिए ताकि सड़कों पर सफर करने वाले लोगों का जीवन सुरक्षित रहे।

# कब बुलबुल विभाग ने मनाया हिंदी दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के मार्गदर्शन में तथा शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव के फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव में हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिंदी दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय उईके के मुख्य अतिथि में और कार्यक्रम के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कश्यप अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी के प्रधान अध्यापक और कब मास्टर पवन कुमार साहू, शिक्षिका उत्तरा साहू और प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव के फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव, प्रधानाध्यापिका नेमी सिंहा, मंजूलता उईके, सुधा अवस्थी और कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# बचेली परियोजना में मुख्य सतकर्ता अधिकारी (सीवीओ) के द्वारा कार्यशाला का आयोजन




**बचेली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तारतम्य में एनएमडीसी, बचेली परियोजना के प्रशिक्षण संस्थान में बी. विश्वनाथ, आईआरएसएस, मुख्य सतकर्ता अधिकारी द्वारा निवारक सतर्कता के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया और अधिकारियों के ज्ञान संवर्धन के लिए मार्गदर्शन तथा कुछ केस स्टडी अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों के लिए पीआइडीपीआई से सम्बंधित विडिओ और सीएमडी का सन्देश का वीडियो भी चलाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख बी वेंकटश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने निवारक सतर्कता के बारे में अभिभाषण दिये। रविन्द्रनारायण, मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) ने निवारक सतर्कता के सकारात्मक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (अनु. एवम से.)अनु., धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक), प्रदीप मोरसिया, महाप्रबंधक (विद्युत), पंकज दयार्पुरकर, सतर्कता अधिकारी तथा बचेली काम्प्लेक्स के अधिकारियों उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया

# ओजोन लेयर को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी : प्रोफेसर अली

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




संभाग का सबसे पुराना शासकीय काकतीय महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर के भौतिक विभाग के द्वारा ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्यजिसका थीम था,' ओजोन लेयर और रिडक्टिंग क्लाइमेट चेंज 'इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अली और विजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सबको ओजोन लेयर की सुरक्षा करनी है, और हमको वह गतिविधियां नहीं करना है जिससे कि ओजोन स्तर को क्षति पहुंचे अगर ऐसा होता है तोओजन लेयर कमजोर हो जाएगा और अल्ट्रावायलेट किरणें पृथ्वी पर पहुंचकर न जाने कितने महामारी वह बीमारियों को जन्म देगा साथी साथ ही उन्होंने भौतिक विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रोफे सर दुर्गेश देवांगन के द्वारा किए गए प्रयासों की भी सरहनी की और भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजन करने की इच्छा जताई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने बढ़-कर का हिस्सा लिया साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान में आए छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक नूर उल हक, विजय रावते, सी पी यादव के अलावा बड़ी संख्या में महाविद्यालय विद्यार्थी और संस्था के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

# माकड़ी में चिंतन शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

माकड़ी विकासखंड को भारत शासन के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड के रूप में विकसित करने हेतु चलाए जा रहे आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा विशेष ग्राम सभाओं एवं चिंतन शिविरों का आयोजन 13 से 16 सितंबर के मध्य किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम सभाओं में माकड़ी विकासखंड को निर्धारित मापदंडों के अनुसार विकसित करने के लिए कार्य योजना निर्माण के तहत ग्राम सभा की एजेंट में उसे जोड़ते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों द्वारा विकास हेतु शपथ ली गई एवं कार्यक्रम के अंतर्गत रणनीति निर्माण पर सभी को जानकारी देते हुए ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए। इस संबंध में माकड़ी के जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा ने बताया कि आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम को तहत प्राप्त निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय विकास रणनीति तैयार किया जाना हैं। जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय चिंतन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# नुआखाई मिलन समारोह एवं रामचंडी दिवस मनाने बैठक आयोजित

## सम्मान समारोह हेतु 20 तक आवेदन आमंत्रित, बैठक के अंत में शहीद वीरेश साहू को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर के कुल कार्यकारिणी सभा के पदाधिकारियों ने सरायपाली आंचलिक सभा का दौरा कर नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह, नवरात्रि एवं रामचंडी दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आवश्यक बैठक ली गई। बैठक झिलमिला स्थित रामचंडी सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां रामचंडी की पूजा अर्चना कर किया गया। सर्वप्रथम संरक्षक हरिचरण प्रधान ने सामाजिक नियमावली पर चर्चा कर परिपालन करने का आव्हान करते हुए। नुआखाई मिलन समारोह, नवरात्र एवं रामचंडी दिवस मनाया जाने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारे का पर्व नुआखाई एक पारंपरिक पर्व है। नुआखाई के पश्चात जुहार भेंट का सिलसिला कई दिनों तक चलता है। समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से ही नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी समाज जनों को भाग लेने की अपील की। अध्यक्ष गिरधारी साहू ने कहा कि पिछले दिनों रामचंडी मंदिर गढ़ फूलझर में लिए गए निर्णयानुसार प्रत्येक आंचलिक सभा का दौरा कर नुआखाई मिलन, नवरात्र, रामचंडी पर्व को भव्यता प्रदान करने समाज के लोगों से सुझाव आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह ग्राम बगईजोर में 24 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिकों इत्यादि का सम्मान किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन एवं प्रविष्टि 20 सितंबर तक अनिवार्य रूप से भेजने की जानकारी दी गई। रामचंडी मंदिर समिति अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने नवरात्र पर्व मनाए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष नवरात्र का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। 9 दिनों तक मां के दरबार में संध्या आरती के साथ-साथ भजन, कीर्तन, बैठकी, जसगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मां के दरबार में 9 दिनों तक मनोकामना ज्योत जलाए जाएंगे। ज्योत जलाने हेतु रसीद बुक का वितरण किया गया।अधिक से अधिक संख्या में रसीद बुक के माध्यम से दान राशि संग्रहण करने की अपील की गई।

# धूमधाम के साथ मनाया गया पोरा त्यौहार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पोरा उत्सव मे मंडी परिक्षेत्र के अंतर्गत बैला दौड गैडी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमे हजारों के संख्या मे उक्त आयोजन का लुत्फ उठाने नगरवासी गण उपस्थित हुये पोरा त्यौहार मे उक्त कार्यक्रम के आयोजक पार्षद प्रदीप शर्मा रहे जिन्होंने कहा की इस त्यौहार मे बैलों का पूजा करते है व पोला फोडकर उत्साह का इजहार करते है वही काँग्रेसी नेता राधेश्याम शर्मा (फग्गा महाराज) उक्त कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रुप मे सम्मलित हुये वही उनके द्वारा गया की यह त्यौहार पारम्परिक त्यौहार है और हमारे स्थानीय संस्कृति की विशेष पहचान है जिसे हर साल धूमधाम के साथ मनाते हुये हमे अपने संस्कृति के पहचान को सजीव रखना चहिये वही उक्त कार्यक्रम मे पार्षद प्रमेंद्र तिवारी भी मौजूद रहे

# नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को महिला संबधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है कि अति. पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 298 /2023 धारा 363, 366क, 376 भादवि 04,06 पाक्सों एक्ट के आरोपी को गिर. करने में मिली सफ्लता। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया थाना हाजिर आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपह्ता 12-08-2023 के सुबह 11.00 बजे अपने सहेली के घर जा रही हूं कहकर बिना बताये कही चली गई है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 46/2023 कायम कर जांच में लिया गया है अपह्ता को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने संदेह पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 298/2023 धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया॥ विवेचना के दौरान प्रकरण के अपह्ता को बरामद कर पूछताछ कर कथन लिया गया जो आरोपी द्वारा नाबालिग जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर शारीरिक दुष्कर्म करना बतायी है कि प्रकरण में धारा 366क,376 भादवि 04,06 पाक्सों एक्ट जोडी गई है।

# पानी से प्रभावित किसानों से मिलने पहुँचे सुशील शर्मा



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

कृषि मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने लगातार वर्षा से प्रभावित भाटापारा विधान सभा के ग्राम सेमरिया घाट और कुलीपोटा गाँव में पहुँच कर किसानों और मतदाताओ से रूबरू जन सम्पर्क कर अत्याधिक पानी से होने वाले फ़सलों के नुक़सान की जानकारी विस्तार पूर्वक ली, सुशील शर्मा ने बताया की ग्राम सेमरिया और कुलीपोटा सहित दौरेंगा, मर्राकोना गाँव के किसानों की सैकड़ो एकड़ ज़मीन में लगी सब्ज़ी और धान की फ़सल पानी में डूब चुकी है,अधिक पानी की वजह से सब्ज़ी की फसल को भारी नुक़सान होने की संभावना दिखाई दे रही है, गाँव के किसान मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के आने पर उत्साहित होकर पूरे गाँव की गलियों का भ्रमण कराते हुये ग्राम वासीयो से मुलाक़ात कर अत्यधिक पानी से होने वाले नुक़सान की भरपाई कराने यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू से चर्चा करने की बात कही,डुबान में आने वाले गाँव का दौरा करने मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा मोटर सायकल से गाँव पहुँच कर लगभग 3 से 4 फिट बहते पानी में चलकर पार करने के बाद किसानों से मुलाक़ात किये, सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से सचिन शर्मा, रघुनाथ निषाद, झगर निषाद, भुजंग निषाद, सुमिरन मानिकपुरी, कुमार निषाद, महेश निषाद, ग़रीबा निषाद, कार्तिक निषाद,सहित अनेक ग्रामीण किसान उपस्थित थे।





**आरंग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर वेदराम मनहरे (प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़) के आदेसानुसार ग्राम मधईपुर में परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के मंदिर में पूजा अर्चना कर देश के प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के उत्तम स्वास्थ एवं दीर्घायु जीवन का कामना किये।

# विहिप बजरंगदल ने युवाओं को जागरूक करने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



वश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला बलौदाबाजार भाटापारा कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू युवाओं को संगठित होने जाति पंथ से ऊपर उठकर मैं हिन्दू हूँ की भावना से प्रेरित होकर राष्ट्र धर्म एवं हिन्दू समाज के हितों की रक्षा करने प्रत्येक सनातनी तक सनातन के वैज्ञानिक महत्व के साथ सांस्कृतिक धार्मिक ऐतिहासिक जागरण एवं नशापान दुर्व्यसन से मुक्त देशभक्ति से युक्त हिन्दू समाज का निर्माण करने युवाओं में अपने पूर्वजों महापुरुषों के प्रति गौरव का भाव जागृत करने के उद्देश्य एवं धर्म के प्रचार प्रसार तथा धर्म के मार्ग पर चलने की स्वाभिमानी स्वावलम्बी जीवन यापन करने की प्रेरणा लेकर शौर्य जागरण यात्रा निकाली। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के बजरंग चौक स्थित महावीर देव मंदिर में बलौदाबाजार कसडोल भाटापारा सिमगा पलारी प्रखंडों के विभिन्न गावों से विहिप बजरंगदल के कार्यकर्त्ता अपने प्रखंडों से यात्रा लेकर पहुंचे एवं मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ आरती कर मातृशक्ति की माताओं बहनों द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को नगर भ्रमण के लिए विदा किया गया यह शौर्य यात्रा मंदिर से निकल कर नेहरू चौक गाँधी चौक सुभाष चौक नया बस स्टैंड गार्डन चौक न्यायलय मावली मंदिर अम्बेडकर चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुँच कर विराम हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने की कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेश केशरवानी, जिला संयोजक रवि वर्मा, कृष्णकांत पांडेय, विनय गुप्ता, अमित केशरवानी, शालीन साहू,महेश ठाकुर, अशोक गुप्ता, मुकेश पटेल, विजय साहू, दीपक साहू, विनय फेंकर, हेमंत साहू, पीतांबर निर्मलकर, खुशी वर्मा, पीतांबर वर्मा, निगम बांधे, तरुण वर्मा एवं जिला समेत सभी प्रखंडों के दायित्ववान कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण से ज्यादा संरक्षण की जरूरत : दुष्कल प्रधान

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





यह तस्वीर ग्राम पंचायत बरडीह की है जिसमें एक युवक द्वारा सड़क किनारे लगे अशोक एवं पाम जैसे सुंदर वृक्षों तथा बगीचे की साफ सफाई करते हुए देखा गया । इस संबंध में सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह दुष्कल प्रधान ने बताया कि विगत पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत सरपंच सहित सभी वार्डो के पंच ग्रामीणों के निर्णयानुसार निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। जिससे ग्राम पंचायत बरडीह के सरपंच, पंचगण सचिव तथा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तत्कालीन कलेक्टर सुनील कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि मित्तल , पुलीस अधीक्षक महासमुंद के करकमलो से प्रवेश द्वार (सड़क)के दोनों और अशोक, पाम, तथा नारियल जैसे सुंदर पौधों का वृक्षारोपण किया गया था। तबसे प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ- भारत स्वस्थ भारत कार्यक्रम आयोजित कर छोटे-छोटे बगीचों का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत बरडीह में सड़क के दोनों ओर नारियल, अशोक, पाम जैसे करीबन 100 वृक्ष हैं, जिसकी ऊंचाई 20-25 फीट तक बढ़ गई है। पौधों के संरक्षण संबंधित सरपंच से पूछने पर बताया गया की वृक्षारोपण से लेकर आज पर्यंत तक दुखनाशन प्रधान के नेतृत्व में तथा इनके सहयोगियों प्रमूख रुप से बालमुकुंद कुमार, रविचंद्र बैरागी, सुरेश लोहा, कृष्णा सराफ, रोशन गड़तिया,आनंद निषाद, कोदडधर बैरागी, राजू कुमार द्वारा पौधों तथा बगीचे की देखरेख गर्मी के दिनों में पानी देने का काम इनके द्वारा निरंतर निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है।

# चिरायु योजना से मिल रही है बच्चों को नई जिंदगी श्रवण बाधित 6 वर्षीय आराध्या की हुई सफल सर्जरी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भाटापारा शहर की निवासी छः वर्षीय बच्ची आराध्या को जन्म से ही सुनने की समस्या रही। बच्ची के पिता हेम कुमार देवांगन ने बताया की बच्ची के जन्म के लगभग एक वर्ष के भीतर ही यह आभास हो चुका था की बच्ची को सुनने में समस्या है क्यों कि आवाज़ों पर वह प्रतिक्रिया नहीं देती थी। इस स्थिति में एक निजी अस्पताल में सबसे पहले सुनने की क्षमता की जाँच के लिए बेरा टेस्ट किया गया जहाँ बताया कि बच्ची 90 प्रतिशत से अधिक श्रवण बाधित है जिसके लिए कॉकप्लेयर इंप्लांट सर्जरी की आवश्यकता पड़ेगी।।इस बारे में भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार क्योंकि बच्ची शब्दों को सुन नहीं पाती है,उनके नाम नहीं जानती जिस कारण वह चीजों को पहचान भी नहीं पाती ऐसे में उसे स्पीच थेरेपी की भी जरूरत पड़ी । भाटापारा में ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) की टीम द्वारा माता-पिता से संपर्क कर उसके इलाज की व्यवस्था की गई। कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी में कॉक्लियर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है जो सर्जरी के माध्यम से कान में लगाया जाता है जिसका एक भाग कान के बाहर पीछे की ओर तथा दूसरा भाग कान के आंतरिक भाग में बिठाया जाता है। बच्ची की सर्जरी की व्यवस्था राजधानी रायपुर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल (मेकाहारा) में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ हंसा बंजारे की देख रेख में टीम ने की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार कॉक्लियर इंप्लांट निजी अस्पतालों में एक महंगी सर्जरी मानी जाती है जिसका अनुमानित खर्च 5 से 6 लाख रुपए पड़ता है। चिरायु के माध्यम से यह उपचार पूरी तरह से बच्ची के लिए निःशुल्क रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से चिकित्सा दल स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करता है तथा किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या के निदान हेतु आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को उच्च संस्थानों में उपचार करवाने की व्यवस्था भी करता है जो की पूरी तरह से निःशुल्क होता है।

# जल जीवन मिशन ने बदली भोथीडीह की तस्वीर

## घरों से लेकर आंगनबाड़ी एवं स्कूलों तक पहुंचने लगी रनिग वाटर सप्लाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी गावों में पेय जल की उपलब्धता हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा घरों से लेकर आंगनबाड़ी, स्कूलों, अस्पतालों एवं ग्राम पंचायत भवनों तक नल जल के माध्यम से पानी पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना से लाभांवित होते हुए भाटापारा विकासखंड के ग्राम भोथीडीह की तस्वीर बदल गयी है। गांव के सभी घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं पंचायत भवन में नल जल से पानी उपलब्ध कराने हेतु रनिग वाटर की सप्लाई कार्य पूरी कर ली गयी है। अब इससे लोगो को घरों में ही शुद्ध पानी पीने को मिल जा रहा है। जल जीवन मिशन से पूर्व पेयजल की स्थिति ग्राम भोथीडीह में पेयजल व्यवस्था हेतु 14 हेण्डपम्प स्थापित है, जिसमें से मुख्य रूप से सभी हेण्डपम्प संचालित है। परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हेण्डपम्प का जल स्तर निचे गिर जाने की वजह से सुखा की स्थिति उत्पन्न होती थी। परिवार के निस्तारन के लिए ग्राम के 4 तालाब उपलब्ध है। जो कि सिर्फ निस्तार का उपयोग योग्य है। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हेण्डपंप कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पेयजल समस्या निदान हेतु कार्य की शुरूवात ग्राम भोथीडीह की उक्त पेय जल समस्या के निदान हेतु विभागीय अधिकारी, कर्मचारीयों द्वारा ग्राम सभा जल सभा का आयोजन कर उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा की गई। ग्राम की पेयजल समस्या के समाधान हेतु जल जीवन मिशन योजना से कार्यो के बारे में जानकारी दी गयी।

# कनकेवा में चक्रधारी मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

कुंभकार समाज द्वारा शाखा सभा कनकेवा में चक्रधारी विष्णु भगवान का भव्य मंदिर बनने का निर्णय लिया गया। जिसका भूमि पूजन सभापति हरालाल राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कुंभकार समाज फूलझर क्षेत्र में बड़ी संख्या में निवासरत हैं। फूलझर अंचल को आठ शाखा सभा में विभाजित किया गया है। कनकेवा शाखा सभा के अंतर्गत 16 गांव सम्मिलित हैं। चक्रधारी विष्णु भगवान समाज का आराध्य देव है। राफेल में भव्य मंदिर स्थित है तथा सांकरा एवं गढ़ फूलझर में मंदिर निर्माणाधीन है। शाखा सभा कनकेवा में भी चक्रधारी मंदिर बनाए जाने का निर्णय समाज के लोगों ने लिया। कुलेश्वर पिता पुनीतराम साहू ने मंदिर निर्माण हेतु अपनी जमीन दान में दी है।इस अवसर पर सभापति हरालाल राणा ने 51हजार , कोषाध्यक्ष तीरथ राम एवं उप सभापति चैतराम ने 21-21हजार, सचिव विजय राणा 7 हजार , लोचन राणा 15 हजार, परसराम 11हजार , कुमार राणा, डिग्रीलाल ने 10-10 हजार, जनक राम, चक्रधर, शंकर, साहबलाल, गनपत राणा ने 5-5 हजार, संतलाल ने 3100, मधु राणा ने 3 हजार देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाखा सभा के नरोत्तम, साहनी, धन प्रसाद, नरसिंह, ललित, नवीन, क्षीरसागर शाहिद बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मिली एक और बड़ी सौगात

## प्रदेश की 51 हजार कार्यकर्ता और 46 हजार सहायिकाओं को मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



भूपेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और बड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई। साथ ही सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती होगी। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भूपेश सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश की 51 हजार कार्यकर्ता और 46 हजार सहायिकाओं को लाभ मिलेगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार की प्रभावी नीतियों और उनके क्रियान्वयन के कारण ही छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुश हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और बड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई है। वहीं सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाडत्री सहायिकाओं की भर्ती होगी। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक, दूसरी सौगात दी है। इससे पहले राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3250 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे और जिला अध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है।

## अमरनाथ पटेल का निधन



**भंवरपुर।** भंवरपुर निवासी अमरनाथ पटेल 53 वर्ष का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा भंवरपुर में पर्यवेक्षक थे। लंबे समय तक सहकारिता विभाग में सेवा देने वाले पटेल अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम भंवरपुर में की गई जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।

# जागरूकता लाने महापौर और सभापति ने पकड़ा झाड़ू, रैली निकाल दिया संदेश, महापौर बनी रिसाली रेडियंस की कैप्टन





पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली को स्वच्छ और सुंदर बनाने जागरूकता रैली निकाली गई। महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर ने जागरूक करने सड़क के अलावा खेल मैदान की सफाई की। इंडियन स्वक्षता लीग 2.0 के तहत नगर पालिक निगम रिसाली में जागरूकता लाने 2 अक्टूबर तक आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम चलाया जाएगा। रिसाली निगम को कचरा मुक्त करने विशेष पहल की जा रही है। शनिवार को शहर के मुख्य मार्ग में रैली निकालकर शहर को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया गया। रैली में शामिल जन प्रतिनिधियों व नागरिकों ने टी शर्ट , कैप व हाथो में दस्ताना लगाकर जनभागीदारी से निकाय क्षेत्र को साफ रखनें का आव्हान भी किया। रैली में महापौर परिषद के सदस्य गोविंद चदुर्वेदी, चन्द्र भान ठाकुर, अनुप डे, पार्षद डा सीमा साहू, संजू नेताम,शीला नारखेड़े, जमुना ठाकुर, कार्यपालन अभियंता एम पी देवांगन, नोडल अधिकारी रोहित साहू, जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, समाज के प्रतिनिधि व आजीविका मिशन के महिला सदस्य शामिल थी।

**लिया संकल्प**–रैली से पहले जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने निगम कार्यालय पहुंचकर संकल्प लिया। उन्होंने शहर को साफ सुथरा रखने और आम लोगो को जागरूक कर सफाई में सहयोग करने का वचन दिया। कर्मचारियों ने भी कार्यालय परिसर को साफ रखने का संकल्प लिया।

**दीवार पर बनाया चिन्ह**–निगम कार्यालय में स्वच्छता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर के दीवार पर शामिल लोगो ने हथेली में रंग लगाकर छाप बनाया। यह इस बात का संकेत है कि वे अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरूक करेंगे।

# निगम के वाहन शाखा व फील्टर प्लान्ट में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती

■ **विधायक,महापौर ने पूजा अर्चना कर शहर की सुख समृद्धि की कामना**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत निगम के वाहन शाखा और बीआईटी के निकट फील्टर प्लांट में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, आरएन वर्मा,प्रभारी भोला महोविया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर शहर के नागरिको की सुख और समृद्धि के लिए कामना की। इस दरमियान विधायक,महापौर एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सभापति राजेश यादव,पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, वाहन शाखा के प्रभारी भोला महोविया तथा एमआईसी संजय कोहले, पार्षद, एलडरमेन सहित अधिकारियों/कर्मचारियों ने वाहनों की पूजा भी की।प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पालिक निगम दुर्ग के वाहन शाखा और फिल्टर प्लांट में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना के पश्चात यज्ञ किया गया। विगत 2 दिनों से निगम के वाहन शाखा में विश्वकर्मा जयंती की तैयारियां की गई। वाहन शाखा में बड़ी संख्या में वाहन रखे जाते हैं और यहां से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हेतु वाहन को रवाना किया जाता है। विश्वकर्मा जयंती के एक दिन पूर्व से वाहनों तथा औजारों की साफ सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों के लिए महाभोग प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। पूजा के बाद सभी ने महाभोग प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के दौरान विशेष तौर पर जलकार्य विभाग प्रभारी संजय कोहले,मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,श्रद्धा सोनी,बृजलाल पटेल,निर्मला साहू, ज्ञानदास बंजारे, मनीष बघेल, माहेश्वरी ठाकुर, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, देव सिन्हा, हरीश साहू,जगमोहन ढीमर, कृष्णा देवांगन,कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय, गिरीश दीवान, आरके बोरकर, शुभम गोइर एवं अन्य पार्षद गण,अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की तैयारी वाहन शाखा प्रभारी अधिकारी शौएब अहमद एवं सूरज सारथी ने की थी।

# जीवनदीप समिति की बैठक में जिला अस्पताल को सर्व-सुविधायुक्त बनाने विभिन्न कार्ययोजना पर समिति की सहमति





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग के जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक आज टेलीमेडिसीन कक्ष में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला अस्पताल को सर्व-सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कार्ययोजनाओं पर सहमति दी गई। बैठक में विगत पालन प्रतिवेदन और समिति की आय-व्यय पर चर्चा की गई। इसी प्रकार जीवनदीप समिति के अंतर्गत समिति के कर्मचारियों के मानदेय कलेक्टर दर पर निर्धारित की गई। जिला चिकित्सालय के एमपीएस-बी में स्थापित जनरेटर की ऑटो पैनल की मरम्मत तथा चिकित्सालय के द्वितीय फेस लाईन का केबल स्वीकृति निविदा दर पर क्रय प्रस्तावित की गई। चिकित्सालय के हमर लैब होल्ड स्टोरेज रूम निर्माण व आईसीयू के लिए हाई-फ्लो सक्शन मशीन क्रय, ड्रायवर भर्ती, ओपीडी काउंटर बढ़ाने, आयुष्मान काउंटर में ऑपरेटर बढ़ाने, मरीजों के फीडबैक लेते रहने तथा वार्ड ब्वाय की प्रशिक्षण पर भी चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन, प्रशांत डोंगावकर, सतीष खुराना, सीएमएचओ जे.पी. मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. अरूण साहू, डॉ. अखिलेश यादव और अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# शहर के मध्य स्थित देउलबांध तालाब,बड़ा तालाब, छठ घाट में वृहद सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्य किया

**नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर ने स्वच्छता के लिए चलाया है अभियान**



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के निर्देशानुसार इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 अंतर्गत नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर द्वारा जशपुरनगर निन्जा टीम ने शहर के जन प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों से अपील कर 15 से 17 सितम्बर 2023 तक विशेष स्वच्छता अभियान में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया तथा वेबसाईट में पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। इसी तारतम्य में शहर के मध्य स्थित देउलबांध तालाब,बड़ा तालाब, छठ घाट में वृहद सफाई अभियान चलाकर तालाब के छठ घाट को जन प्रतिनिधि एवं आम जन के साथ मिलकर सफाई कार्य किया गया। इस दौरान नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक एक्का द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया तथा नगर को निरंतर स्वच्छ एवं साफ रखने के लिए तथा स्वच्छता अभियान में शहर के आम जन को जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

# योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाएं : गृह मंत्री साहू

■ **गृह मंत्री श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में शामिल हुए**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



गृह मंत्री, लोक निर्माण एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू आज 36 फोर्ट मैरिज रिसॉर्ट में आयोजित श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि श्रमिक सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाने को कहा। मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं तथा उनमें कार्यरत श्रमिकों से अभिदाय प्राप्त किया जाता है। प्राप्त अभिदाय एवं शासन द्वारा दी गई सहायता अनुदान राशि से संगठित श्रमिकों के कल्याण हेतु योजनाएं संचालित की जाती है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए 66 प्रकार की योजनाएं संचालित है, ताकि श्रमिकों के साथ-साथ उनके बच्चों को भी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे श्रमिक व अन्य जनप्रतिनिधि शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके। आप सुखी रहें आपका परिवार सुखी रहें इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है।

# एकाग्र रमाकांत श्रीवास्तव' पर दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन का समापन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृत विभाग छत्तीसगढ़ शासन और हिंदी विभाग शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'एकाग्र रमाकांत श्रीवास्तव' का समापन शुक्रवार को हुआ। महाविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में सुबह शुक्रवार को दूसरे व अंतिम दिन सुबह पहले सत्र की शुरुआत 'किशोर मन का यथार्थ' विषय से हुई। जिस पर साहित्यकार राजेंद्र शर्मा ने कहा कि रमाकांत श्रीवास्तव ने बच्चों और किशोर मन को अपने लेखन में बखूबी उकेरा है। साहित्यकार राजीव कुमार शुक्ला ने कहा कि जिस सक्रियता के साथ रमाकांत श्रीवास्तव ने किशोर मनः स्थिति पर अपनी लेखनी चलाई है, वह काबिले गौर है। उन्होंने कहा कि साहित्य लेखन तभी सार्थक है, जब हम बड़ों के साथ-साथ बच्चों और किशोर की मनःस्थिति को भी इसका हिस्सा बनाएं। राजेंद्र शर्मा और राजीव कुमार शुक्ल ने अपने वक्तव्य में रमाकांत श्रीवास्तव की बाल व किशोरवय पर केंद्रित कहानियों का भी जिक्र किया। इस सत्र का संचालन उषा आठले ने किया। इसके उपरांत 'कथेतर का वैभव' के अंतर्गत 'छत्तीसगढ़ी गाथा गीत' पर जीवन यदु ने अपनी बात रखी। उन्होंने डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वे पेंटिंग और गायन में भी माहिर हैं, वहीं अंधा युग नाटक का निर्देशन किया और अभिनय कला में भी प्रवीण रहे। उन्होंने बहुत सारी कविताएं लिखीं लेकिन कभी प्रकाश में लाया नहीं। यदु ने रमाकांत श्रीवास्तव को उद्धृत करते हुए कहा कि-''वो लेखक बड़ा हो ही नहीं सकता जो बच्चों के लिए कुछ न लिखे।बच्चों के लिए लिखने का अर्थ इस देश को संस्कार देना है।''

# गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्भाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आगाज

■ संभाग के 7 जिलों के प्रतिभागी खिलाड़ी 16 खेलों में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 17 जुलाई हरियाली त्यौहार से ग्राम पंचायत स्तर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का प्रारंभ किया गया है। आज संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ दुर्ग जिले के ग्राम पुरई स्कूल प्रांगण में हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में संभाग के दुर्ग, राजनांदगॉव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर-मोहला अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़ सहसपुर गंढई जिला के 2 हजार 686 प्रतिभागी खिलाड़ी संभागीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें गिल्ली- डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़ (लंगरची), कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बीकूद , कुश्ती एवं रस्सीकूद शामिल है। इन खेलों में तीन आयु वर्ग 0-18, 18-40 एवं 40. महिला/ पुरूष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि गृह मंत्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का कहना है कि सर्वहारा वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर विकास के पैमाने तय करना है। उन्होंने कहा कि इसी के आधार पर राज्य सरकर अधोसंरचनात्मक विकास के साथ यहां के संस्कृति को पूर्नजीवित करने और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारंपरिक खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है। गृह मंत्री साहू ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल अन्य जिलों के खिलाड़ियों को अवगत कराया कि दुर्ग जिले के पुरई को खेलगांव के नाम से जाना जाता है। यहां की खेल प्रतिभाओं ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्राम पुरई के खिलाड़ियों की भावना को ध्यान में रखते हुए यहां पर खेल अकादमी बनाने की सहमति दी है। गृहमंत्री साहू ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने शिक्षक बन संकल्प के विद्यार्थियों को पढ़ाया भौतिक



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगर में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने पूरे समय रहकर कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भौतिकी पढाया और विद्यार्थियों के साथ ही छात्रावास में बच्चों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। उल्लेखनीय है कुशवाहा को विद्यार्थियों को पढ़ाना बहुत ही पसंद हैं इसलिए आये दिन वे संकल्प आकर विद्यार्थियों को भौतिक और रसायन शास्त्र का अध्यापन कराते रहते हैं। आज भी सर्वप्रथम कक्षा 9वी के विद्यार्थियों से उनकी क्लास में पहुंचकर उन्होंने बात की और उन्हें मोटिवेट किया। उसके बाद कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की 3 घंटे की क्लास ली जिसमें उन्होंने सदिश एवं अदिश राशियों, राशियों के योग, डॉट गुणन, क्रॉस गुणन, गति के नियम एवं अनुप्रयोग, घर्षण, आवेग -संवेग, घूर्णन, बल आघूर्ण, कोणीय संवेग, बिंदु द्रव्यमान, द्रव्यमान केंद्र ,आपेक्षिक गति, आपेक्षिकता के सिद्धांत आदि की अवधारणाओं को विद्यार्थियों को समझाया। विद्यार्थियों ने उनसे सीमांत घर्षण, आपेक्षिक वेग, द्रव्यमान केंद्र, घर्षण के अनुप्रयोग से संबंधित प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों को जेईई और नीट परीक्षा की तैयारी कैसे करनी चाहिए उसे विस्तार से समझाया।

सैद्धांतिक और अवधारणात्मक विषय वस्तु के बेहतर समझ होने के पश्चात ही उससे संबंधित आंकिक प्रश्नों को हल किया जा सकता है जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने हैं। उन्होंने संकल्प शिक्षण संस्थान के बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता एवं शिक्षक भी उपस्थित थे।

**गोली चलने जैसे अन्य अपराधिक घटनाएं हो चुकी आम बात : नारायण चंदेल**

# कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे भाजपा नेता, प्रदेश में आए दिन चोरी, डकैती, हत्या, लूटपाट

पायनियर संवाददाता < पत्थलगांव
www.dailypioneer.com





भाजपा ने दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा को स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की कर्मभूमि जशपुर से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुभारंभ किया है। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। जिसके बाद ने शुक्रवार रात्रि कुनकुरी, कांसाबेल होते हुए भगवा रंग में रंगी बस भाजपा के नेताओं को लेकर शनिवार की रात पत्थलगांव पहुंची। आपको बता दें इस परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल कर रहे है। उक्त यात्रा के पत्थलगांव आने से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत बैनर,पोस्टर और झंडों शहर के मुख्य द्वार को पाट दिया हुआ था। इस दौरान परिवर्तन यात्रा में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, रायगढ़ की लोकप्रिय सांसद गोमती साय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय, रामविचार नेताम, मोती लाल साहू समेत अन्य लोग एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं भाजपा मंडल पत्थलगांव के नेतृत्व मे क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों की बैठक रखी गई। जिसमे विभिन्न मुद्दों पर बेबाकी से लोगों अपनी बातों को रखा। वहीं पत्रकारों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 12 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा से एक सार्वजनिक रैली के दौरान मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त कर भाजपा की पहली परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखा चुके है। वहीं 16 दिवसीय प्रदेश में चल रही इस परिवर्तन यात्रा का दूसरा फेस कल जशपुर से शुरू हुआ है। जशपुर से चली यह परिवर्तन यात्रा बिलासपुर और सरगुजा संभाग में 14 दिनों में करीब 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 40 विधानसभा क्षेत्र से होकर किया है यात्रा गुजरेगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी जिलों में जाकर भाजपा कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह बद से बद्तर हो चुकी है। आए दिनों नए घोटाले हो रहे हैं विकास के कार्य प्रदेश में पूरी तरह से ठप है। इन सारे विषयों को लेकर परिवर्तन यात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच जाने का प्रयास कर रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो जन कल्याणकारी कार्य हुए हैं उन विषयों को भी इस यात्रा में बताने का प्रयास कर रहे है। 28 सितंबर को न्यायधानी बिलासपुर में यह यात्रा का समापन होगा जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी मौजूद होंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बीते दिनों भिलाई के खुर्सीपार इलाके में युवक की हुई हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि मंकित सिंह की अत्यंत ही जघन्य तरीके से हत्या हुई । और वे हत्यारे छत्तीसगढ़ की भूमि पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जिसका विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया गया। इस तरह की घटनाएं तेजी से छग में बढ़ रही है।

आमजनों को झांक जोर देने वाला यह मामला है।यह हम सभी के लिए चुनौती है समाज के लोगों को आने वाले समय में एक होकर इस प्रकार की मानसिकता रखने वालों को कुचलना का प्रयास किया जाना चाहिए। यह घटना उस जगह की है जहां मुख्यमंत्री और गृहमंत्री सहित और भी 3-3 मंत्री रहते हैं। प्रदेश में आए दिनों चोरी,डकैती,हत्या,लूटपाट,बलात्कार,फिरौती जैसे अन्य अपराधिक घटनाएं आमबात हो चुकी है। वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता के संरक्षण में इन सभी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने विगत दिनों से सुर्खियों में चल महादेव ऐप सट्टा बाजार के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें सत्ता पक्ष के भी जनप्रतिनिधि शामिल है।जिसमे 417 करोड़ का ईडी ने रेड किया तो मामला सामने आया। चाहे वह कोयला घोटाला, रेत घोटाला,शराब घोटाला,जमीन घोटाला,या राशन घोटाला हो। नरवा गरवा गुरुवा बारी के ड्रीम प्रोजेक्ट में 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, और 129 करोड़ का गोबर घोटाला हो गया। यह सभी घोटाला सत्ता पक्ष के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री इतने संवेदनहीन है कि बगीचा के पास हुए पहाड़ी कोरवाओ ने 4 लोगों ने जो फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली, वह मौत भूख से हुई। उन्होंने कहा घटना के बाद घटनास्थल पर हमारे पहुंचने एक एक दिन पहले जशपुर में मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री को इतनी फुर्सत नहीं थी कि परिवार से मिल लेते और मुआवजा देते। लेकिन रायपुर से साढ़े पांच सौ किलोमीटर का सफर तय कर हम वहां पहुंचे। वहां एक हैंडपंप डेढ़ किलोमीटर है, 10 किलोमीटर दूरी पर लोग राशन लेने जाते हैं। 10 किलोमीटर दूर बच्चे पढ़ाई करने जाते हैं यह तो स्थिति वहां की है। इस विषय को लेकर हमने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री को भी घेरा था। इस सभी बातों को उठाया था कि उत्तर प्रदेश जाकर अपने आकाओं को खुश करने के लिए पचास लाख रुपए की घोषणा कर सकते हैं और इन पहाड़ी कोरवाओं जिनकी मौत भूख से हुई उनको पचास हजार भी नहीं दिए।



# पर्दे पर फिर साथ दिखेगी शाहिद कपूर और करीना कपूर की जोड़ी

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और करीना कपूर की ऑनस्क्रीन की जोड़ी को फैंस का खूब प्यार मिला है। एक समय में यह इंडस्ट्री के मोस्ट फेवरेट कपल्स में से एक थे। हालांकि पांच साल तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद अलग हो गए था। शाहिद कपूर और करीना कपूर ने फिदा, चुप चुप के, 36 चाइना टाउन, जब वी मेट और मिलेंगे मिलेंगे जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। दोनों की फिल्म 'जब वी मेट' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फैंस अक्सर इस फिल्म के सीक्वल की मांग करते रहते हैं। बीते काफी समय से 'जब वी मेट' के सीक्वल को लेकर खबरें भी सामने आ रही थी। वीहं अब लेटेस्ट खबरों के मुताबिक इस फिल्म का सीक्वल आने की तैयारी हो रही है। टाइम्स नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक कथित तौर पर 'जब वी मेट' के सीक्वल राज मेहता द्वारा गांधार फिल्म्स बैनर के तहत प्रोड्यूस किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के सीक्वल वर्जन का निर्देशन इम्तियाज अली ही करेंगे। उन्होंने ही 'जब वी मेट' का भी निर्देशक किया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी आदित्य और गीत के रूप में फिर साथ नजर आने वाली है। हालांकि मेकर्स की और से इस फिल्म के सीक्वल को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। बता दें कि जब वी मेट कुछ दिनों पहले सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी।




# अतीत के बुरे दौर को याद कर भावुक हुए टीवी अभिनेता शीजान खान

टीवी शो अली बाबा : दास्तान-ए-काबुल अभिनेता शीजान खान की उस वक्त मुसीबतें काफी बढ़ गई थीं जब उनकी गर्लफ्रेंड और को-स्टार तुनिषा शर्मा ने सेट पर अपनी जान दे दी थी। तुनिषा ने 24 दिसंबर, 2022 में शो के सेट पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद उनकी मां ने शीजान पर कई संगीन आरोप लगाए थे और उन्हें तकरीबन दो महीने जेल तक जेल की हवा खानी पड़ी थी। अब हाल ही में शीजान एक इंटरव्यू में उस बुरे दौर को याद कर भावुक हो गए। वे उम्मीद कर रहे है कि उनका केस जल्द खारिज हो।

शीजान ने कहा, मैं एक अति बुरे दौर से गुजरा। ऐसा लग रहा था कि मानो मेरी जिंदगी थम गई है। मुझे याद है कि उस वक्त मैं हर पल केवल यही सोचता था कि क्या मेरी जिंदगी फिर से शुरू हो पाएगी या नहीं? ये जो भी सब मेरे साथ हो रहा है, क्या कभी खत्म होगा? मैं इस बुरे वक्त से निकल पाऊंगा या नहीं? अभिनेता ने कहा, मेरे परिवार वालों को और कितनी तकलीफें झेलनी होंगी? इस सबसे मैं कब बाहर आऊंगा? आंखों के सामने, ताश के पत्तों की तरह मेरी जिंदगी बिखरती जा रही थी। मेरा साथ क्या हो रहा था, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था, लेकिन मुझे यकीन था कि भगवान कभी मेरे साथ गलत नहीं होने देगा और मेरे यकीन की जीत भी हुई।

शीजान ने कहा कि बुरे वक्त में मेरे फैमिली मेंबर्स ने मुझे बहुत सपोर्ट किया, उनसे मेरी शुरुआत से ही अच्छी बॉन्डिंग थी। लेकिन हां, उस घटना के बाद कुछ लोगों के असली रंग देखने को मिले। मेरे कुछ पुराने दोस्त थे जो मेरे घर आते-जाते रहते थे लेकिन 24 दिसंबर के बाद उनमे से ज्यादातर लोग बदल गए। मानो जैसे किसी वक्त यदि मेरे 10 दोस्त हुआ करते थे, तब आज उनमे से केवल 1-2 ही मेरे साथ हैं। अब जो बुरे वक्त में आपके साथ नहीं उन्हें भला अपना मानूं भी कैसे?




# 'जवान' ने तोड़ा 'पठान' का रिकॉर्ड, 9 दिन में किया 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। एटली के निर्देशन में बनी 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म जवान को ग्रैंड ओपनिंग मिली थी और हर दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है।

फिल्म 'जवान' को रिलीज हुए 9 दिन हो चुके हैं। फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म जवान को लेकर लोंगो में एक अलग ही क्रेज बना हुआ है। जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'जवान' का टोटल कलेक्शन 400 करोड़ रुपएसे अधिक हो गया है। फिल्म 'जवान' ने सबसे तेज 400 करोड़ रुपए कमाने का एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शाहरूख खान की ही फिल्म 'पठान' ने कामयाबी का यह पड़ाव जहां रिलीज के 11वें दिन पार किया था, वहीं जवान ने ये मील का पत्थर रिलीज के नौवें दिन ही हासिल कर लिया है।

गौरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

# सितारों से भरा था जोनास ब्रदर्स का कॉन्सर्ट

अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा के हसबेंड निक जोनास एंड ब्रदर्स का कॉन्सर्ट सितारों से भरा हुआ था। कार्यक्रम में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस संग चीयर करती नजर आईं, जिसकी तस्वीरें अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। प्रियंका अपने पति के गले में बाहें डाले रोमांटिक होती नजर आ रही है। अन्य तस्वीरों में देसी गर्ल फुल जश्न के मूड में दिखाई दे रही हैं। फैंस निकयांका की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही हैं। कटआउट ड्रेस में पीसी के क्लीवेज और बेली साफ नजर आ रहा है। इस लुक को उन्होंने खुले बालों के साथ कंप्लीट किया है। वहीं निक भी इस दौरान ब्लैक टीशर्ट में दिखाई दे रहे हैं।



# सुखी का नया गाना नशा रिलीज

बालीवुड की फिल्म सुखी का नया गाना नशा रिलीज हो गया है। फिल्म में पॉप स्टार बादशाह नजर आ रहे हैं। यह गाना उनके मां के किरदार की भावना को बखूबी दर्शाता है, जो रूटीन लाइफ से ब्रेक लेकर एन्जॉय करना चाहती हैं। यह एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फिल्म है। यह गाना पॉप सॉन्ग है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इन्फ्लुएंस है, जो सिंथ-पॉप या मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक पॉप की खासियत है, हालांकि इसमें बॉलीवुड के डांस सॉन्ग का टच भी है, और निश्चित रूप से यह एक फुट टैपर है। नशा गाना फिल्म की थीम से कहीं अधिक मेल खाता है और दर्शकों को खुशी का एहसास कराता है। नशा के वीडियो में शिल्पा के इसी नाम के किरदार सुखी और उसके दोस्तों को दिखाया गया है, जो अपने स्कूल रियूनियन में जाते हैं। गाने को बादशाह और अफसाना खान ने गाया है। वहीं, गाने के लिरिक्स राजा दिलवाला ने लिखे हैं, जबकि, म्यूजिक कंपोजिशन बादशाह और हितेन ने दिया है।




# इस बार दिखेगा बिग बॉस का अलग रंग

सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस' के हर सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के खत्म होने के बाद जल्द ही टीवी पर 'बिग बॉस 17' की शुरुआत होने जा रही है। इस बार भी सलमान खान बिग बॉस को होस्ट करते नजर आने वाले हैं। हाल में ही 'बिग बॉस 17' का प्रोमो भी रिलीज किया गया है। प्रोमो देखकर साफ हो रहा है कि इस बार शो काफी दिलचस्प होने वाला है। प्रोमो से सलमान का एकदम अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वह काफी कूल नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' के प्रोमो में सलमान के तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में सलमान खान वॉक करते हुए नजर आते हैं। इसके बाद वह बताते हैं कि इस बार ऑडियन्स बिग बॉस की कई चीजों से रूबरू होगी। लोगों ने अभी तक सिर्फ बिग बॉस की आंख देती हैं, लेकिन इन बार वो तीन नए अवतार देखेंगे, जिसमें दिल, दिमाग और दम शामिल हैं। इतना बता के वो कहते हैं कि अभी के लिए इतना ही। इसके साथ ही सलमान ने ये भी इशारा किया कि आने वाले वक्त में वो कई और ट्विस्ट लेकर आएंगे, जो आने वाले प्रोमो में देखने को मिल सकता है। सलमान खान प्रोमो में ऑरेंज कुर्ता पायजाना में नजरआ रहे हैं। इसके बाद वह ब्लैक शर्ट और ग्रे ट्राउजर में दिखते हैं। आखिर में वह काऊबॉय हैट और सनग्लासेस में नजर आते हैं। इस प्रोमो को कलर टीवी ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस बार बिग बॉस दिखाएंगे एक अलग रंग, जिसे देखकर रह जाएंगे आप सब दंग।'



# पुष्पा एक्टर अल्लू अर्जुन ने की फिल्म जवान की तारीफ

शाह रुख खान की लेटेस्ट फिल्म जवान की तारीफ में हर कोई एक्टर कसीदे गढ़ रहा है। इसी कड़ी में पुष्पा-2 कलाकार अल्लू अर्जुन का नाम जुड़ रहा है, जिन्होंने जवान की प्रशंसा की है। इसके बाद शाह रुख खान ने भी स्टाइल में अल्लू का आभार व्यक्त किया है। शाह रुख खान की जवान को देखने के बाद अल्लू अर्जुन का उत्साह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अल्लू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का सहारा लिया है। गुरुवार को एक स्पेशल ट्वीट करते हुए लिखा है-इस विशाल ब्लॉकबस्टर जवान की अपार सफलता के लिए पूरी टीम को मेरी तरफ से ढ़ेर सारी बधाई। शाह रुख खान ये अब तक का आपका सबसे बेहतरीन किरदार रहा। अपने स्वैग से आपने हर किसी का दिल जीत लिया है, सच में आपके लिए बहुत खुशी हुई है सर, हमारी दुआएं आपके लिए काम लाई हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

इसके अलावा अल्लू ने इस ट्वीट में जवान फिल्म स्टार कास्ट विजय सेतुपति, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, डायरेक्टर एटली और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध की काफी प्रशंसा की है। अल्लू अर्जुन के जरिए अपनी फिल्म जवान की तारीफ सुनकर शाह रुख खान ने तुरंत साउथ सुपरस्टार को रिप्लाई दिया है। शाह रुख ने लिखा है-आपके प्यार और प्रार्थनाओं के लिए बहुत आभार मेरे यार। रही बात स्वैग की तो जो व्यक्ति खुद द फायर है और वो मेरी तारीफ कर रहा है, तो उससे मेरा दिन जरूर बनेगा।



# साजा क्षेत्र में भारी बारिश में 27 ग्रामों के 800 से अधिक कृषकों को सुरक्षित पहुंचाया गया

## प्रभावित परिवारों के लिये खाद्य वितरण भी किया जा रहा व मेडिकल की टीम तो तैनात,कोई जनहानि की शिकायत नहीं

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पिछले 14 तारीख़ की रात्रि से हो रही भारी बारिश के चलते पूरे ज़िले में नदी-नालों के किनारे बसे गांवों में जल भराव-बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई। अब पानी उतार पर है। सुरही नदी चेकमेट क्षेत्र में अतिवृष्टि होने के कारण साजा विकासखण्ड अंतर्गत प्रभावित ग्रामों में जलभराव होने से व्यक्तियों / आमजनों को जनहानि न होने की स्थिति में जिला प्रशासन की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सतत् निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। कलेक्टर पी.एस. एल्मा भी प्रभावित इलाक़ों का निरीक्षण कर रहे है। फ़ोन पर अधिकारियों से सतत संपर्क बनाये हुए है। साजा अधिकारियों द्वारा प्रभावित लोगों को खाद्य पदार्थों का वितरण, पीने की पानी की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, प्रभावित परिवारों के घरों में जलभराव होने से शासकीय स्कूल, सामुदायिक आंगनबाड़ी भवनों में रहने की व्यवस्था की गई है। साजा विकासखंड के प्रभावित ग्रामों एवं परिवार थानखम्हरिया- 80, हाड़ाहुली- 30, साजन- 12, हड़दास- 27, समुंदवाड़ा- 36, श्यामपुरकांपा 09, पेण्ड्रीकला- 03, तोरन- 06, पलेनी- 15, चीचगांव- 16, किरकी- 52, खपरी धोबी- 04, कुरूद- 03, घिवरी- 78, टुरा सेमरिया-01, तेंदुआ- 05, बगलेड़ी- 70, हरहुवा- 100, चुहका- 12, महीदही- 50, पदुमसरा- 25, रौद्रा- 50, मोतेसरा- 45, केचवई- 45, ढाप- 10, देउरगांव 05, भरमपुरी- 47 इस प्रकार कुल 27 ग्रामों व 831 कृषकों को सुरक्षित जगहों ले जाया गया। प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिये खाद्य वितरण भी किया जा रहा है व मेडिकल की टीम भी समय पर उपस्थित है ।

# हितग्राही कार्ड को लेकर गांव-शहर में जन जन तक पहुंचे : कांग्रेसी

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में भूपेश सरकार के पांच साल के रिपोर्ट कार्ड को आम जनता तक ले जाने के लिए कैम्पेन भूपेश है तो भरोसा है कवर्धा विधानसभा में चलाया गया। युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, सहप्रभारी मनप्रीत सिंह, दीदी प्रियंका सरसर, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आकाश शर्मा, संभाग प्रभारी मानस सुमन पांडे, सह प्रभारी भावेश शुक्ला, जिला प्रभारी चेतन भानुसाली, विधानसभा प्रभारी प्रतीक यादव, रामेश्वरपुरी गोस्वामी, युवा कांग्रेस अश्वनी वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। हितग्राही कार्ड में 9090029090 फोन कॉल करने पर 72 घण्टे के अंदर मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आएगा, जिसमे लोग अपनी राय दे सकता है। इसी को लेकर युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में कैम्पस चलाया जा रहा है, जिसमे कवर्धा विधानसभा के गॉव गॉव जाकर लोगो के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों का कर्जा माफ किया, धान का समर्थन मूल्य 2640 किया, बिजली हाफ किया, प्रत्येक परिवार का राशनकार्ड बनवाया, जिनके पास जमीन नही भूमिहीन परिवार को प्रति वर्ष 7000 सलाना आर्थिक मदद कर रहे है, आंगनबाड़ी दीदी का मनोदय बढ़ाया, युवाओं के लिए शिक्षक भर्ती किया, विभिन्न विभागों में नौकरी के अवसर मिल रहा। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का मान बड़ा रहे, भूपेश सरकार सभी वर्गो के हित मे काम कर रहे है, कवर्धा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री मो. अकबर के प्रयास से जो काम भाजपा के रमन सिंह की सरकार 15 वर्षों में नही किया उसे महज 3 वर्ष में ही कवर्धा सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण, देश के प्रथम एथेनॉल प्लांट की कवर्धा में स्थापना किया, छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज की सौगात, भोरमदेव में जंगल सफारी, किसानों के लिये करियाआम में जलाशय निर्माण, तीन नए सहकारी बैंक की स्थापना, 20 नए धान खरीदी केंद्र की सौगात, सिल्हाटी में 132 केवी सब स्टेशन की सौगात, 9 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की सौगात सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का अंबार है।

# शिक्षकों का सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 16 सितंबर को शिक्षकों का सम्मान सम्मेलन के तहत गुरुवर तुम्हें प्रणाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें 1984-85 ,1997-2000 बैच के स्टूडेंट्स के द्वारा अपने गुरुजनों का सम्मान किया गया। गुरुवर !तुम्हें प्रणाम कार्यक्रम के तहत गुरुनानक शाला के 22 शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पी के साव, पी आर इंदौरिया, वीरेंद्र सिंह, कुरैशी सर, कुमार सर , शुक्ला सर, इंद्रजीत देवांगन सर, सरोज बैस, किशोर वैष्णव, सोहनलाल श्रवण , साधना रानी, ,पुष्पा साव, सुमन श्रीवास्तव, अम्बा बैस,अनिता ठाकुर, अंजू श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव,शुक्ला मैडम, सरला मैडम, मंजीत मैडम, विनीता दास, करवाडे सर आदि शिक्षकों का सम्मान किया गया। स्टूडेंट्स ने अपने भावों को प्रकट किया। शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को आभार एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। राजमल जैन ,किशोर कराडे, मुनमुन ,आशा साहू आदि ने गीत,स्वागत गीत सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस समारोह में बहुत से शिक्षक एवं स्टूडेंट्स ने बाहर से आकर उपस्थिति दी। आयोजन समिति ने सभी का आभार प्रदर्शन किया !आयोजनकर्ता 1984-85 एवं 1997-2000 के बैच में अश्वनी,परमेश्वर मुनमुन,राजमल जैन,संतोष जैन,विजय जैन,रवि जैन, बैज़िल, बासबेल,श्रींनू जनार्दन, रितु, रेखा, भारती, स्मिता ,संजू, प्रेमा,डॉली, टी.रमना, हरविंदर,आशा गोदी ,मीना, पिंकी,नसरीन,कलीम,विकास,कमलेश जैन, चंद्रेश जैन संतोष कुरील, डिक्सन,राजा संधू,यामिनी, बहादुर, किशोर कराडे, प्रफुल्ल, प्रणेश, झूम सरकार,आरती,आशा साहू आदि ने शिक्षकों का सम्मान किया एवं अपने भावों को प्रकट किया। शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को आभार एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# कवर्धा विधानसभा में परिवर्तन यात्रा महज यात्रा बनकर न रह जाए




पायनियर संवाददाता ✓ पंडरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता परिवर्तन को लेकर परिवर्तन यात्रा का प्रारंभ किया गया है जो उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा आगमन हो रहा है और गांधी मैदान में आमसभा का आयोजन किया जाएगा। परिवर्तन यात्रा को लेकर कवर्धा विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारों ने नगर के जिस क्षेत्र से परिवर्तन यात्रा निकलेगा या मार्ग को बैनर पोस्टर से ढक दिया गया है । जो लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। ऐसे लोग भी दावेदारों के रूप में दिखाई दे रहे है जिन्हे नगर विकास और जन सरोकार से कोई वास्ता दिखाई नही देता। कवर्धा विधानसभा हाई प्रोफाइल सीट है। जिसे पिछले बार कांग्रेस ने साठ हजार वोटो से जीत हासिल करने में सफल रहा बावजूद दावेदारों की बाढ़ आ गया है ।

### परिवर्तन यात्रा कही यात्रा बनकर न रहा जाए

भाजपा नेतृत्व के द्वारा छत्तीसगढ से कांग्रेस सरकार को हटाने और भाजपा सरकार लाने के उद्देश से परिवर्तन यात्रा का शुरूआत किया गया है । जो कवर्धा विधानसभा में आज आएगा जिसे लेकर पार्टी संगठन के नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव के दावेदारो ने सफल बनाने में लगे हुए हैं लेकिन वर्तमान विधायक और छत्तीसगढ सरकार के कद्दावर मंत्री अकबर भाई ने साठ हजार की वोटो से भाजपा के अशोक साहू को पराजित किया था। परिवर्तन यात्रा विधानसभा क्षेत्र से भ्रमण करते हुए निकल जाएगा कि लोगो की मन को बदलते हुए वोटो में परिवर्तन कर पाएगा यह लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ हैं ।

### बैनर पोस्टर से ढका विधानसभा क्षेत्र

परिवर्तन यात्रा जिस क्षेत्र से भ्रमण करते हुए निकलेगा उस क्षेत्र को दावेदारों ने बैनर पोस्टर से ढक दिया है जो लोगो में काफी चर्चा का विषय बना हुआ । ऐसे ऐसे दावेदार है जिनका जन सरोकार और नगर विकास से कोई वास्ता दिखाई नही देता। कुछ दावेदारों को लेकर यह भी चर्चा हो रहा है कि यदि इन्हें टिकट मिल जाएगा तो पार्टी का नैया डुबाते हुए कांग्रेस के दमदार प्रत्यासी से बिक जाएंगे और अपनी माफिया कारोबार में खूब फूलते फलते रहेंगे ।

### जातिवाद हावी

कवर्धा विधानसभा चुनाव में जातिवाद हावी है । कवर्धा विधानसभा में कुल 410 मतदान केन्द्र है जिसमे जिसमे लगभग पैतालीस हजार साहू चवालीस हजार पटेल और इक्कीस हजार कुर्मी समाज के मतदाता है। साहू समाज को लगातार चार विधानसभा में भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था 2018 के चुनाव में लगभग साठ हजार वोटो से चुनाव में पराजय भी हुआ था ।आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में पटेल समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल को प्रत्यासी चयन करने से भाजपा को लाभ होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता ।

### सामान्य वर्ग को प्रत्यासी बनाने की चर्चा

कवर्धा विधानसभा चुनाव में कुछ वर्षो से भाजपा के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग को प्रत्याशी बनाते आया है जिसे लेकर मतदाताओं ने इस बार सामान्य वर्ग से पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह, विजय शर्मा सहित अन्य नेताओं को प्रत्याशी बनाने की चर्चा में हैं लेकिन ओ बी सी के बाहुल्यता के चलते यह कयास लगाया जाना संभव दिखाई नही देता ।

# अवैध रेत खनन पर राजस्व टीम ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी एस एल्मा द्वारा जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि अवैध खनिज भंडारण पर सख्त कार्यवाही की जाए इस संबंध में बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह को सूचना मिली कि बेमेतरा जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम गुनरबोड़ में बीरेंद्र साहू पिता बोधिराम साहू द्वारा लगभग पंद्रह हाईवा रेत को अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रेवेन्यू टीम को भेज कर अवैध रूप से भंडारित रेत को जप्त कर खनिज अधिकारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया द्य कार्यवाही में पी एन बंजारे तहसीलदार बेमेतरा, खुमान देशमुख राजस्व निरीक्षक बेमेतरा तथा पटवारी बिजेंद्र वर्मा और भूपेंद्र तिवारी उपस्थित थे ।

# कृषि महाविद्यालय के द्वारा मिलेट्स के संबंध में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम विद्यालय बेमेतरा में मिलेट्स के विषय में चलरहे विशेष सप्ताह में व्याख्यान देने झाल बेमेतरा स्थित कृषि महा विद्यालय के व्याख्याता गीतेश्वर वर्मा द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को मिलेट्स विषय पर विस्तार से बताया तथा प्रोजेक्टर द्वारा बताया गया किइसे अन्न, सुपर फुड भी कहा जाता है । यह प्रमुखता ज्वार बाजरा को दो कुटकी कुल आठ प्रकार की मोटे अनाजों को मिलेट्स कहा जाता है इसमें प्रमुख रूप से बाजरा है जिसमें विभिन्न प्रकार के विटामिन प्रोटीन पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए आवश्यक है इसकी प्रमुख विशेषता के रूप में यह है कि यह फसल अधिक वर्षा वाले कम वर्षा वाले अधिक तापमान वाले जगह पर भी बोया जा सकता है मिलेट्स को अपनाने से शरीर की कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है मिलेट्स को भारत सरकार द्वारा 2018 में मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया था। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। अब तो यह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इन फसलों की खरीदी की जाती है। इसमें किसी भी प्रकार के खाद या उर्वरक डालना आवश्यक नहीं होता। मिलेट्स का उपयोग खीर, रबड़ी, पिज़्ज़ा इत्यादि में किया जा सकता है। इसे गर्भवती महिलाओं तथा कूपोषित बच्चों को भी दिया जाता है। व्याख्यान के शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य कविता बाचपेयी ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए मिलेट्स के उपयोग व फायदे के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी एवं व्याख्यान देने आए कृषि महाविद्यालय के वर्मा से शंका समाधान हेतु प्रेरित किया। विद्यालय की छात्राओं अपूर्वा सोनी कक्षा बारहवीं, मानसी साहू कक्षा दसवीं ने मिलेट्स पर चर्चा कर व्याख्यान माला की शुरुआत की।

# राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में हिमकल्याणी सम्मानित



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिक्षक प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्तवाधान में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2023 कवर्धा जिला के शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन मंत्री मोहम्मद अकबर आवास एवं परिवहन मंत्रालय अध्यक्षता पडरिया ममता चंद्रकार, जिला शिक्षा अधिकारी एम के गुप्ता उपस्थित रहे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य नवाचारी शिक्षण गतिविधि एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए कवर्धा में हिमकल्याणी सिन्हा, शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना, साजा, बेमेतरा को सम्मानित किया गया, शिक्षिका कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास, मोहल्ला क्लास, बच्चों की पढ़ाई निरंतर जारी रखी, नवाचारी गतिविधि में स्वयं से बदलाव करते हुए नए और रोचक गतिविधि से बच्चों को पढ़ाती है, यूट्यूब चैनल में इसकी गतिविधि देखा जा सकता है, सी जी पोर्टल में दो बार हमारे नायक में चयन हुआ है, इनके कार्यो का उल्लेख शिक्षा विभाग के पत्र पत्रिकाओं मे भी हुआ है शिक्षा के गोठ, किलोल पत्रिका सफलता की कहानी वर्तमान मे कक्षा पाँचवी के अभ्यास पुस्तिका में उनकी गतिविधि को स्थान मिला है, बच्चे प्रतियोगिता चित्रकारी, कहानी लेखन, कविता, खेलकूद आदि में भाग लेते है। कवर्धा में सम्मानित होने पर शिक्षिका को शाला के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा, प्रीति, सुनीता वर्मा, पिरेंद्र वर्मा, नीमा वर्मा, लक्ष्मीन वर्मा, सीमा सिन्हा, लक्ष्मी बंजारे, सोनल नामदेव, रेखा रजक बड़ी संख्या में बधाई सन्देश प्रेषित किये।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा जयंती



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न गांव में विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर कई स्थानों पर भगवान विश्कर्मा की मूर्ति की स्थापना धूमधाम से किया गया और दिन भर विभिन्न धार्मिक आयोजन कर देर रात को विसर्जन भी किया गया वही कई स्थानों पर दूसरे दिन विसर्जन किए जाएंगे। प्रतिवर्ष के अनुसार इस साल भी विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर को मनाया गया इस मौके पर जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर विश्वकर्मा की पूजा की मूर्ति लाने के लिए मूर्तिकार के घर पहुंचे जहां पर श्रीफल भेंट कर अगरबत्ती से आरती किया गया तदुपरांत विभिन्न साधनों से विश्वकर्मा भगवान को स्थापना स्थल पर गाजे बाजे के साथ लाया गया और स्थापना स्थल पर विभिन्न आचार्यो के सानिध्य में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की पूजा अर्चना यजमान सहित अन्य उपस्थित लोगों श्रद्धालुओं के द्वारा विधि विधान के साथ किया गया उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भजन कीर्तन का भी कुछ स्थानों पर आयोजन किया गया था जो दिन भर चला और देर शाम रात को भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का विसर्जन भी बड़े श्रद्धा भक्ति के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं बैंड बाजे तथा आतिशबाजी के साथ नदी में जाकर विसर्जन किया गया।

# स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के गांवो में श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों धार्मिक स्थल चौक चौराहा गली मोहल्ले तालाबों के आसपास नालियों आदि की साफ सफाई किया जा रहा है। बेमेतरा जिले के ग्राम सेमरिया, घुरसेना, गुंजेरा, भोपसरा, कठौतिया, खिलोरा, कोंगियाकला, मंजगांव, उड़तला सहित विभिन्न गांवों में स्वच्छाग्राहियों, ग्रामीणों एवं महिला समूहों के द्वारा तालाबों, नालों, चौंक-चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। स्वच्छता ही सेवा, कचरा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत जिले में 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान। इस दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर, दीवाल लेखन एवं चित्रण, स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। समुदाय को अपने गांव को ओडीएफप्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने एवं उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से उत्प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गांव में कूड़ा-कचरा को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ करने, नालियों की साफ-सफाई, नदी पोखर, पईन एवं अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु सफाई अभियान का संचालन कर स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरुक कर श्रमदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में विभिन्न गतिविधियां संचालित किया जाएगा। जिसमें सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन, केन्द्र पोषित योजना में लाभ हेतु सिंगल विंडो वेल्फेयर केम्प व हेल्थ केम्प का आयोजन। सरपंच/सचिव/स्वच्छाग्राही समूह के माध्यम से गांव में इकट्ठा हुए अपशिष्ट ढेर की मात्रा का आंकलन कर सूची तैयार किया जाएगा।

# इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 अंतर्गत दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 अंतर्गत टीम दल्लीराजहरा रेंजर्स के द्वारा एवं शहर के आम नागरिकों द्वारा इस अभियान के तहत शहर के नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा शपथ एवं स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारी द्वारा स्वच्छता रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य शासन की मंत्री अनिला भेड़िया, टीम दल्लीराजहरा रेंजर्स के कैप्टन नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, समस्त पार्षद एल्डरमैन, नोडल अधिकारी योगानंद सोम, शिवाजी प्रसाद एलन चंद्राकर, स्वच्छता प्रभारी, सतीश चंद्रकार, जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा, संतोष साहू नगर पालिका की स्वच्छता दीदी एंव स्वच्छता कमांडो सभी पदाधिकारियों तथा नगर पालिका दलीराजहारा के समस्त अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों ने लाभ उठाया



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले की एवं अविभाजित दुर्ग संभाग की सबसे पहली मेडिकल स्टोर्स के संस्थापक एवं समाज सेवी स्व. लक्ष्मी नारायण टुवानी की 17वी पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर का उद्घाटन समाजसेवी एवं आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. प्रदीप जैन द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. एवी महिश्वर, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष, राजनांदगांव दीपा बागड़ी एवं डॉ. चेतना महिस्वर उपस्थित थे। सबसे पहले डॉ. मोना टुवानी ने अपने दादाजी की के जीवन के बारे में बताया, की कैसे उन्होंने बड़े संघर्ष करके अंग्रेजों के जमाने में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और एक मेडिकल स्टोर्स शुरू की। यह सेवा आज जिले में कुल 12 मेडिकल स्टोर्स सेवारत है। जरूरतमंद लोगों को कंबल बाटना, हर साल गरीबों को नियमित रूप से भोजन कराना, जरूरत मंदो को फ्री में दवाई वितरण करना, यह उनके जीवन में शामिल था। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मिताली टुवानी, दंत चिकित्सक डॉ. मोना एवं डॉ. हर्षिता टुवानी, जनरल एवं फैमिली फिजिशियन डॉ. हर्षित टुवानी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. योगिता टुवानी, आहार विशेषज्ञ प्रतीक्षा टूवानी ने अपनी सेवाएं दी और लगभग 250 मरीजों ने इसका लाभ उठाया। सेरेजम थेरेपी से सिकाई शिविर का आकर्षण का केंद्र रहा। वही शिविर में निःशुल्क हीमोग्लोबिन ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की गई। और रात्रि में सुंदरकांड एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। शिविर का संचालन हंसमुख टुवानी ने किया। पूरे शिविर को बहुत ही सुंदर रूप से अभिषेक टुवानी एवं निधि टुवानी ने संचालित किया। इसमें मुख्य रूप से मनमोहन, भरत एवं सुनील टूवानी ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, कई स्कूली छात्रों के अलावा राहगीरों की जा सकती है जान

## विद्युत विभाग की लापरवाही का आम जनता को भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




शहर के गोवर्धनपुर मार्ग में पिछले कुछ दिनों एक विद्युत खंबा इस मार्ग में स्थित स्कूल के छात्रों के अलावा इस मार्ग के कालोनी वासियों के लिए खतरा बना हुआ है, जहां कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है। इस मामले की शिकायत विद्युत में होने के बावजूद विभाग के द्वारा लापरवाही बरतते हुए कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के गोवर्धनपुर क्षेत्र में आधे दर्जन से अधिक रिहायशी कालोनी है। साथ ही इस क्षेत्र में शालिनी स्कूल संचालित हो रही है। जहां इस क्षेत्र के कालोनी के बच्चों के अलावा शहर के कई गली मोहल्लों के बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे हैं। साथ ही साथ यह मार्ग एक दर्जन से अधिक गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। परंतु वर्तमान परिदृश्य में इस मार्ग में सफर करना खतरे से खाली नहीं है। क्योंकि इस मार्ग में ठीक स्कूल के सामने जहां अभिभावक अपने बच्चो को स्कूल से घर ले जाने पहुँचते हैं वहां एक विद्युत पोल गिरने के हालात में पहुँच चुका है। जहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

यूं तो शालिनी स्कूल मार्ग में 24 घंटे भारी वाहनों का रेलमपेल लगा रहता है। वाहनों की इसी आवाजाही के कारण सड़क किनारे लगा एक विद्युत पोल पिछले कुछ दिनों से दुर्घटनाग्रस्त हो कर झुका हुआ जिसके विद्युत तार भी झुके हुए हैं जो किसी अनहोनी घटना की ओर इशारा कर रहे। इस क्षेत्र के लोगों के अलावा स्कूली छात्रों के परिजनों ने बताया कि निःसंदेह इस जगह में कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है, जिसकी वजह एक साथ कई जाने जा सकती है। चूंकि यहां स्थित स्कूल में अलग-अलग क्षेत्रों के सैकड़ो बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, स्कूल छुट्टी के वक्त परिजन भी बच्चो को लेने यहां पहुँचते हैं। इसके अलावा इस मार्ग के कालोनीवासियों सहित अलग-अलग गांव के ग्रामीण भी इसी मार्ग से रोजाना आना जाना करते हैं। ऐसे में विद्युत खंबे को देखकर लगता है कि ये किसी भी वक्त गिर सकता है। जिसके चपेट में आने से कई बेगुनाहों की असमय जान जाने का खतरा भी यहां बना हुआ है। इस क्षेत्र के लोगों ने यह भी बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्होंने इस क्षेत्र में उत्पन्न हो रही इस खतरे के बारे के विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने का प्रयास किया गया। परंतु इसके बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों को इस खतरे से जरा भी फर्क नही पड़ता। विद्युत विभाग समय समय पर मेंटेनेंस के नाम पर शहर में विद्युत आपूर्ति बंद कर अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रही है। पिछले दिनों विद्युत विभाग की लापरवाही से ही जूटमिल क्षेत्र में एक युवक की जान चली गई। इसके बावजूद विद्युत विभाग को इस घटना से सबक नहीं मिल सका है।

# अपराधिक प्रकरण की उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारी को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



अपराधिक प्रकरण की उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिस अधि./ कर्म. को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। सामुदायिक भवन में रखे महिला समुह की शासकीय उचित मूल्य की दूकान का 11 कट्टी चावल को चोरी कर ले गया था, की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था, विवेचना दौरान आरोपी 01. दुर्गेश कश्यप उम्र 24 साल निवासी चोरभट्टी थाना मुलमुला 02. निकेश कश्यप उम्र 23 साल निवासी किरारी थाना अकलतरा 03. कृष्ण यादव उम्र 20 साल निवासी किरारी थाना अकलतरा के द्वारा चोरी कियें चावल को बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र तैयार माननीय न्यायालय में पेश किया गया था न्यायालय द्वारा आरोपियों के विरूद्ध अपराध सिद्ध पायें जाने से 6-6 माह का कठोर कारावास एवं 500-500 / रू का अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया है, तथा इसी प्रकार घर में घुसकर महिला को छेडछाड करने पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी नारद चौहान उम्र 32 साल निवासी कांसा थाना नवागढ़ के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध भादवी कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था न्यायालय द्वारा आरोपी को 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000 / रू का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है जिसकी विवेचना सउनि माधव सिंह द्वारा किया था। आरोपी अजय अनन्त उम्र 28 साल निवासी कोटाडबरी थाना चाम्पा द्वारा चाकू दिखाकर प्रार्थी राजकुमार निवासी पचोरी थाना सारागांव से 3500/रू लूट लिया था जिसकी रिपोर्ट थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक दवि कायम कर विवचेना में लिया गया, विवेचना दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया था. न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध पाये जाने से आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/ रु का अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया है जिसकी विवेचना प्रधान आर. अजयकृष्ण चतुर्वेदी थाना चाम्पा द्वारा किया गया था। आरोपी 01. शिवनंदन देवांगन उम्र 44 साल 02. गितेश देवांगन उम्र 22 साल दोनो निवासी नवागढ़ द्वारा प्रार्थिया को जमीन संबंधी विवाद को लेकर एक राय होकर गाली गलौच करते हुये मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया था जिसकी रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था न्यायालय द्वारा विचारण उपरान्त आरोपियों को 6-6 माह का साधारण कारावास एवं 1500/रू का अर्थ दण्ड दिया गया है। जिसकी विवेचना प्रधान आरक्षक राधेश्याम पूर्णा द्वारा किया गया है।

# टिकट के लिए अपनों से ही जूझ रही भाजपा

## भाजपा एवं आप पार्टी में टिकट की लड़ाई चरम पर

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारो में बेचैनी हो रही है, कॉग्रेस में जहां डॉ चरणदास महन्त का विधानसभा क्षेत्र सकती से लड़ना फाइनल माना जा रहा हैं, तो वहीं उनके विरोधियों की एकजुटता भी विफल होती नजर आ रही है, वही भारतीय जनता पार्टी एक मजबूत दावेदार की तलाश के कारण भाजपाइयो में आपसी मतभेद बढ़ते जा रहे है, सूत्रों की माने तो किसी नए चेहरे को ही मौका मिलता दिख रहा है,एवम पुराने चेहरे वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति में प्रभावशाली नही होने के कारण संगठन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है,शक्ति विधानसभा क्षेत्र मैं वर्तमान राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा का कोई भी उम्मीदवार हो, एक धड़ा हमेशा महन्त के पक्ष में जरूर होंगा, जो कॉग्रेस की जीत का सबसे बड़ा कारण बनेगा, फिर सकती का नया जिला बनना, किसानों, बिजली, धान खरीदी एवं ग्रामीण इलाकों में हो रहे विकास का विपक्षी पार्टियों के पास कोई ठोस जवाब नहीं है, आप पार्टी का जिन व्यक्तियों ने संगठन तैयार किये अब उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाये जाने से वे नए चेहरे के पक्ष में तैयार नहीं है, अगर ऐसा होता हैं तो इसका सीधा लाभ कॉग्रेस पार्टी को होगा, विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कॉग्रेस प्रत्याशी रहे कोरबा जिले के निवासी ने कॉग्रेस में अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए एक रैली का आयोजन किया, पहले माना जा रहा था समाजिक एकता का प्रदर्शन करेंगे लेकिन दरार पड़ जाने से कॉग्रेस रैली का नाम दिये जाने की चर्चा है, जिसमें सूत्रों की माने तो कुछ चेहरे ही स्थानीय थे बाकी कोरबा जिले से आये थे ऐसा बताया जा रहा है, यहाँ भी रैली में न तो कॉग्रेस के बड़े चेहरे शामिल हुए और न ही समाज के बड़े नेता दिखाई दिए, कुल मिलाकर राजनीतिक रूप से देखा जाए तो आने वाला 2023 का विधानसभा चुनाव वर्तमान विधायक डॉ चरण दास महंत को यदि कांग्रेस फिर से प्रत्याशी बनती है तो उनके लिए फायदेमंद होगा।

# लगातार हो रही बारिश से महानदी का जल स्तर बढ़ा, चंद्रपुर सरिया बरमकेला मार्ग हुआ बंद

## एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित, बाढ़ जैसे हालात




पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रदेश में बीते एक सप्ताह से अधिक लगातार मूसलाधार बारिश से महानदी का जल स्तर बढ़ गया है। जिससे महानदी के आसपास बसे गांव में पानी घुस गया है। लगातार तीन से चार दिनों से भारी बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। विदित हो कि सावन महीने के जाते ही छत्तीसगढ़ में भारी बारिश हो रही है। जिससे रायगढ़ जिला भी अछूता नहीं रहा है। पिछले एक सप्ताह से अधिक लगातार हो रही बारिश से महानदी का जलस्तर बढ़ गया है। चंद्रपुर, सरिया, बरमकेला, पोरथ, नदी गांव, लिप्ती, तोरा, बोरा, परसरामपुर, सूरजगढ़ के आसपास जितने भी गांव बसे हैं सभी में पानी घुस गया। बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं तथा चंद्रपुर से सरिया बरमकेला मार्ग हुआ बंद। इस बारिश से एक दर्जन गांव प्रभावित हुए हैं। धीरे-धीरे पानी का जलस्तर बढ़ रहा है। कई गांव में अलर्ट जारी किया गया है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंद्रपुर के आसपास बसे हुए गांव में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। कई गांव में पानी घुसने की वजह से स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिसकी जानकारी मिली है। इस भारी बारिश से किसानों को भी फसलों का नुकसान उठाना पड़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हीराकुड डैम के गेट खुलने के बाद कुछ हद तक पानी का जल स्तर कम हो सकता है।

# बाराद्वार के डीएमसी में पूजे गए भगवान विश्वकर्मा देव शिल्पी विश्वकर्मा की हुई पूजा- अर्चना



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

निर्माण के देवता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर्व पर बाराद्वार के डोलोमाइट माइनिंग कॉरपोरेशन डीएमसी परिसर में भगवान विश्वकर्मा जी की स्थापना कर विधिवत पूजा- अर्चना की गई, इस अवसर पर सुबह से ही डीएमसी के अधिकारी/ कर्मचारी एवं नागरिकगण जहां पूजा स्थल पर पहुंचे तो वहीं निर्माण के देवता विश्वकर्मा जी से भी सुख- समृद्धि की कामना की गई, इस अवसर पर डीएमसी परिवार बाराद्वार के डायरेक्टर ज्ञानचंद प्रसाद अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, मनीष तिवारी, आर के तिवारी, अशोक यादव, मधु यादव, संजय अग्रवाल, राजा बाबू, कुलदीप शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे, वहीं डीएमसी परिवार ने भी समस्त बंधुओ को भगवान विश्वकर्मा जयंती पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास द्वारा पत्रकारों का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मठ मंदिर शिवरीनारायण में जांजगीर के सभी पत्रकार एवं शिवरीनारायण के पत्रकार साथ ही बलौदा बाजार जिले के पत्रकारों को महंत राम सुंदर दास जी द्वारा वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया. महंत जी ने बताया कि जब भगवान राम वनवास के समय अयोध्यापुरी से होते हुए चित्रकूट आए चित्रकूट से आगे बढ़े तो छत्तीसगढ़ का पहले गांव है जिसे हरिचौका सीतामढ़ी के नाम से जाना जाता है जो की कोरिया जिले में है वहां से वह छत्तीसगढ़ में प्रवेश किए और छत्तीसगढ़ का जो अंतिम गांव है वह है रामराम जो सुकमा कुंडा जिला में स्थित है. महाराज ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में राम वन गमन में 75 जगह को चिन्हांकित किया है जिसमे 10 जगह कार्य चालू हो गया है उसी कड़ी में शिवरीनारायण में भी बहुत अच्छी तरह से विकास कार्य हुआ है जिसमें हमारे जिले के एवं स्थानीय पत्रकारों द्वारा समाचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया है। जिसमें हमारा शिवरीनारायण का नाम राज्य में ही नहीं पूरे भारतवर्ष में उभर कर आया है जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं. उक्त का क्रम में मठ मंदिर के मुख्तियार मुख्तियार सुख राम दास जी मठ मंदिर की पुजारी त्यागी महाराज पुरेंद्र तिवारी कमलेश सिंह बाबा सुरेंद्र सोनी स्थानीय पत्रकार बद्री आदित्य मुरली नायर सरोज सारथी प्रतीक शुक्ला सचिन मिश्रा अजय केवट उग्रेश्वर गोपाल केवट मेला राम कश्यप आशीष कश्यप सुरेश गुनी प्रकाश मानिकपुरी भरत आदित्य एवं समस्त पत्रकार गण मौजूद रहे।

# निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल समिति ने किया जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जांजगीरचांपा
www.dailypioneer.com




सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल समिति द्वारा जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां 02 बच्चों की उम्र विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर के रूप में संदेहास्पद पाये गये जिनका उम्र सत्यापन कराया जाना है। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी पत्नी जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा। जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जाये ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) से गजेन्द्र सिंह जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी पूजा तिवारी, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) संतोषी वैष्णव सामाजिक कार्यकर्ता, हर्षवर्धन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता जेल अधीक्षक एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीमेंट व सरिया लोड ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटी, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान, चालक घायल



**रायगढ़।** सीमेंट और सरिया लोड ट्रेक्टर अनियंत्रित पलटने की घटना में चालक को गंभीर रूप से चोट आई है वहीं दो अन्य लोगों ने गाड़ी से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचा ली है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शु वार की सुबह तकरीबन 10 बजे तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम जोबरो पालीघाट के पास एक तेज रफ्तार सीमेंट और सरिया लोड ट्रेक्टर अनियंत्रित पलट गई। इस घटना के बाद तुरंत आस पास के लोग इकट्ठा हो गए और वाहन चालक का नाम पता पूछते हुए उसे पानी पिलाया गया। ठीक इसी दरम्यान रायगढ़ से तमनार थाना पुलिस मुंशी मौके पर पहुंचे।

# दुबलधनिया परिवार एवं मित्तल परिवार की निकली पितृ मोक्षार्थ गया जी भागवत की भव्य कलश शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




शहर में 17 सितंबर से प्रतिष्ठित दुबलधनिया परिवार एवं मित्तल परिवार द्वारा अलग-अलग स्थान पर पितृ मोक्षार्थ श्री गया श्रद्धा अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर दोनों ही प्रतिष्ठित परिवारों की शोभायात्रा सुबह अलग-अलग समय पर शक्ति के श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई, तथा राम मंदिर में परिवारजनों ने पूजा- अर्चना की, तथा दुबलधनिया परिवार की शोभायात्रा में प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल कृष्ण जी भारद्वाज ने पूजा- अर्चना करवाई एवं शोभायात्रा में वे रथ पर सवार होकर पूरे यात्रा में उन्होंने आशीर्वाद प्रदान प्रदान किया, वही मित्तल परिवार शक्ति की शोभायात्रा में सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने रथ पर सवार होकर आशीर्वाद दिया तो वहीं मित्तल परिवार के सदस्यों ने भी पूजा- अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली, दोनों ही परिवारों की शोभा यात्रा का यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने स्वल्पाहार एवं शीतल पेयजल तथा शरबत के माध्यम से स्वागत- सत्कार किया, तो वहीं श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में पंडित राधेश्याम शर्मा एवं पंडित रिंकू शर्मा ने पूजा - अर्चना संपन्न कराई,शक्ति में प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा को लेकर शुभम ग्रीन्स हटरी चौक में दुबलधनिया परिवार द्वारा भव्य डोम का निर्माण किया गया है, जहां प्रथम दिवस पूजा अर्चना के साथ ही कथा प्रारंभ हुई, वहीं मित्तल परिवार की श्रीमद् भागवत कथा झूलकदम रोड में मित्तल परिसर में ही आयोजित की गई है, जहां प्रथम दिवस पूजा- अर्चना के साथ कथा प्रारंभ हुई तो वहीं प्रथम दिवस आयोजक परिवार के सदस्यों ने आगंतुक धर्म प्रेमी, श्रोताओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत भी किया तथा तथा श्रवण की सुंदर व्यवस्था पंडालो में की गई है,वहीं शक्ति शहर में एक सप्ताह तक राधे-राधे के नाम की गूंज रहेगी तो वहीं पूरे शहर में चारों ओर धार्मिक वातावरण बना हुआ है 17 सितंबर को दुबलधनिया परिवार एवं मित्तल परिवार द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा को सफल बनाने में आयोजक परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा तो वहीं माताएं बहने भी सर पर कलश उठकर इस शोभायात्रा मार्ग में चल रही थी एवं आतिशबाजी के साथ यह शोभायात्रा संपन्न हुई।

## वाहन चोरी के अपराध में भेजा गया जेल, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# चोरी की पिकअप में 2 टन चोरी की सरिया के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस को 2 दिन पहले ग्राम नया लाखा से चोरी हुई पिकअप के आरोपी को पिकअप वाहन तथा चोरी के 2 टन लोहा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर पिकअप वाहन की चोरी किया फिर तीनों स्थानीय बेजलोन प्लांट लोहा चोरी के लिये गये जहां प्लांट के टूटी दीवाल को बनाने रखे हुये 15-16 नग सरिया का बना बीम को चोरी कर वाहन में लोडकर भाग गये थे। पिकअप चोरी को लेकर 14 सितंबर को थाना कोतवाली में ग्राम नया लाखा में रहने वाले संदीप शर्मा (उम्र 50 वर्ष) द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी पंजीकृत पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 6825 को रोज की तरह 13 सितंबर की रात घर के सामने खडा किया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी (धारा 379 आईपीसी) का अपराध दर्ज कर विवेचना में दिया गया। माल मुल्जिम की पतासाजी के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा स्थानीय मुखबिर को सूचना के लिए सक्रिय किया गया कि इसी बीच मुखबिर द्वारा नया लाखा में रहने वाले करन चैहान और उसके दोस्तों की गतिविधियां संदिग्ध होने के संबंध में कोतवाली पुलिस को सूचना दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव के हमाराह स्टाफ संदेहियों की पतासाजी में लगाये। कोतवाली पुलिस द्वारा संदेही करन चौहान और उसके दोस्तों के ठिकानों पर दबिश दिया गया जिसमें संदेही करण उर्फकरण चौहान पुलिस के हाथ आया जिसे पिकअप चोरी के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर करण चौहान ने बताया कि वह और उसके अन्य दो अन्य साथी प्लान बनाकर 13 सितंबर के रात्रि नया लाखा से पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 6825 को चोरी कर चिराईपानी के बेजलोन प्लांट लोहा चोरी के लिये गये, जहां पर प्लांट के एक टूटी दीवाल को बनाने के लिये रखा हुआ 15-16 नग सरिया का बना बीम को चोरी कर वाहन में लोड़कर चिराईपानी होते आ रहे थे कि रास्ते में वाहन का डीजल खत्म होने से वाहन को जंगल में छुपा कर खड़ी कर दिए। आरोपी करन चौहान ने बताया कि इनका प्लान चोरी किये हुये पिकअप और चोरी लोहे को बेचकर रुपए को आपस में बांटने का था पर आरोपियों का प्लान सफल नहीं हो पाया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी करन चौहान के निशानदेही पर पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 6825 तथा सरिया बिम वजन करीब 2 टन कीमत डेढ़ लाख रुपये जुमला 3 लाख रुपए का जप्त कर आरोपी करण उर्फ करन चौहान पिता स्वर्गीय अरुण चौहान उम्र 21 साल निवासी ग्राम लुडेग छोटे गोटियापारा थाना पत्थलगांव जिला जशपुर हाल मुकाम नया लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं आरोपी के साथी दो अन्य आरोपियों की कोतवाली पुलिस सरगार्मी से तलाश कर रही है।

# मुड़ा तालाब का मेड टूटा शहर के कई वार्ड खतरे में

## जल सुधार न हुआ तो सरकारी दफ्तरों में घुस सकता है पानी




पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ के मुड़ा तालाब का मेड में टूट जाने से शहर में पानी घुसने का खतरा बढ़ गया है। धीरे धीरे पानी तीन वार्ड में घुस भी गई। अभी तक हालत तो सामान्य है लेकिन यदि इसे बनाया न गया तो पानी बाजार और सरकारी कार्यालयों में भी घुस सकता है। सारंगढ़ में लगातार बारिश के बाद कई तालाब भर गए हैं। लेकिन शहर के बीचोबीच बना मुड़ा तालाब का में टूट गया है जिससे पानी बाहर आने लगा। धीरे धीरे यह पानी सड़कों से होता हुआ शहर के अंदर घुस रहा है।

स्थिति पर यदि नियंत्रण न किया गया तो पानी सरकारी कार्यालयों में भी घुस सकता है। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने सरकारी अधिकारियों से बात करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन नहीं लग पा रहा है इसलिए अधिकारियों का पक्ष फिलहाल नहीं मिल पाया है।

# वेलकम के रसूख के चलते चार माह पहले हुई जांच बेअसर

## वेलकम फैक्ट्री से निकला, राखड़ डस्ट से लोग परेशान तो वहीं गंदा पानी शासकीय वन भूमि पर एकत्रित होकर प्रदूषण फैला रहा

पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com



छेरकाबांधा स्थित वेलकम डिस्टलरी प्रा.लि. की लापरवाही और मनमाने रवैय्ये के चलते ग्रामीणों के साथ साथ स्कूल के बच्चें और शिक्षक भी परेशान हैं द्य वेलकम के रसूख के चलते चार माह पहले हुई जांच भी बेअसर। ग्रामीणों नें वेलकम फैक्ट्री से हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था जिसके बाद 25/4/23 मंगलवार को आवेदन क्रमांक 771123114282 के तारतम्य में पटवारी हल्का नंबर 09 रतनपुर के द्वारा जांच की गई जिसमें पाया गया कि वेलकम डिस्टलरी के चमनी से निकलने वाले राखड़ डस्ट से कृषकों को फसल काटनें में परेशानी होती राखड़ के कण किसानों की आंख में जाते है। वेलकम से फैक्ट्री से निकला, गंदा पानी शासकीय वन भूमि पर एकत्रित होकर प्रदुषण फैला रहा और जल स्तर को भी प्रदुषित कर रहा है और बोरखनन में भी दूषित जल निकल रहा है द्य ग्रामीण घरों खाद्य समाग्री खुलेमें नही सुखा पा रहे है इन सभी समस्याओं से परेशान समस्त ग्रामवासी शासन से कड़ी कार्यवाही की अपेक्षा करते है। इन सभी पहलुओं की जांच कर पटवारी नें ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर रतनपुर तहसील कार्यालय में जमा कर दिया था जिसके बाद कोई कार्यवाही नही हुई। ग्रामीणों नें मुख्यमंत्री से पांच माह पहले शिकायत की थी जिसके बाद में मौके की जांच भी हुई थी जांच में वो सभी शिकायतें भी सही पाई गई लेकिन वेलकम प्रबंधन के रसुख के चलते आज तक इस पर कुछ नही हुआ।

मुझे रतनपुर तहसील से आवेदन मिला था जिसके बाद ग्रामीणों के साथ मौका जांच किया गया था जो शिकायत हुई वह सही पाया गया था। तहसीलदार मैडम को भी मैने स्पाट का निरिक्षण कराया था। जिसका गांव वालों के समक्ष पंचनामा बनाकर मैने रतनपुर तहसील में जमा कर दिया था उसके बाद आगे की क्या कार्यवाही हुई उसकी मुझे जानकारी नही है ।

**नीतू श्रीवास्तव, पटवारी हल्का नं. 09 रतनपुर**

चार माह पहले ही अगर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर वेलकम प्रबंधन के उपर उचित कार्यवाही करते तो शायद पीपरपारा शा.पू.मा.शाला के बच्चे प्रबंधन द्वारा डाले गये खराब मटेरियल की दुर्गंध से विचलित नही होते और उनकी स्वास्थ और शिक्षा प्रभावित नही होती। जांच में शिकायत सही पाई गई थी मैने भी वहां का निरिक्षण किया था फिर जांच रिपोर्ट हमने एसडीएम को सौंप दी थी आगे की जानकारी नही है मेरा ट्रांसफर हो गया है।

**शिल्पा भगत, तत्कालीन नायब तहसीलदार रतनपुर**

# विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com



17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। हिंदू धर्म के अनुसार इसी दिन देवताओं के शिल्पकार विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। इस दिन कारखानों, उद्योगों, फैक्ट्रियों, हर प्रकार की मशीनों और औजारों की पूजा की जाती है। श्री विश्वकर्मा जी को विश्व के पहले इंजीनियर के रूप में माना गया है। बताया जाता है कि प्राचीन काल में जितनी भी राजधानियां थी। प्रायः सभी को विश्वकर्मा जी ने बनाया है। विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व पर 17 सितम्बर को बसना विधानसभा के ग्राम भतकुंदा, तरेकेला एवं सांई सराईपाली में श्री विश्वकर्मा पुजा एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल ने श्री विश्वकर्मा जी की पुजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की एवं समस्त अंचलवासियों को श्री विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दिए।तत्पश्चात आयोजक समिति व ग्रामवासियों ने भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल का श्रीफल व पुष्पहार से स्वागत सम्मान किया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने समस्त अंचलवासियों को श्री विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम मोदी के उत्कृष्ट कार्यों एवं मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास के साथ जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, माता बहनों के लिए उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी, जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, भरतनेट, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड समेत कई कल्याणकारी योजनाएं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में पूर्ण बहुमत हासिल कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही। इस अवसर पर रामचंद्र अग्रवाल,उत्तर पटेल, शिशुपाल प्रधान, ग्राम भतकुंदा में मुकुंद, प्रहलाद, मोहित पटेल, अमृत पटेल, दिलीप पटेल,सोहन पटेल, अमृत महेत्तर, कन्हाई पटेल, नवरतन पटेल, डमरू पटेल, शिवकुमार, सोहन पटेल , कृष्ण कुमार, भुपेंद्र पटेल,अनिल छत्तर, जयनाथ पटेल एवं ग्राम तरेकेला में संत लखन मुनी, जयलाल पटेल,उदल सिदार, बिहारी सिदार, ज्ञान सिंह यादव, भागीरथी सिदार, दयाराम यादव, गणेश राम सिदार, महेन्द्र साव,मोहन सिदार, बाबूलाल पटेल, वीरेंद्र पटेल तथा सांई सराईपाली में उमेश गिरी, प्रेमलाल पारेश्वर, पृथ्वी निषाद,सनत सिदार, लखन सिदार, तुलाराम जगत,उदेलाल मलिक, भुखऊ यादव,आयोजक समिति पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहें।

# तेंदूडांड में हरतालिका तीज पर किया गया साड़ी वितरण

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की प्रमुख पूनम मिश्रा जी के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र के द्वारा 1 आदिवासी बहुल ग्राम तेंदूडांड में हरतालिका तीज के पावन त्यौहार के उपलक्ष्य में एक सामाजिक कार्य का आयोजन किया गया. उपस्थित सभी ग्रामीण महिलाओं को साड़ी के साथ फल, नारियल एवं सौभाग्य के प्रतीक चिन्ह चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, आलता, मेहंदी इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया ,साथ ही उपस्थित सभी ग्रामीण महिलाओं के हाथ में मेहंदी लगवाई गई एवं कुमकुम का टीका लगाकर उनके अखंड सौभाग्य की शुभकामनाएं दी गई। साथ में उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों को भी फल का वितरण किया गया। तीजा/पोरा त्यौहार के इस पुनीत कार्य में रंभा मिश्रा ,अध्यक्ष जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र,सरोज बिश्रोई,मीनू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा,उषा सिंह, डॉ रश्मि तिवारी, अंकिता मिश्रा, सरिता सिंह, रिचा अग्रवाल, स्नेह नामदेव, समीना शेख इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा। उपस्थित ग्रामीण महिलाओं के द्वारा भी जागृति महिला समिति के सभी सदस्यों को हरतालिका पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटीज द्वारा 200 शिक्षको को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में ओजोन डे मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में ओजोन डे के अवसर पर पूर्व व्याख्याता सतीश उपाध्याय, पर्यावरण हेतु समर्पित एवं पर्यावरण उत्थान हेतु प्रख्यात व समर्पित संस्था ग्रीनवैली के समर्पित सदस्य व नगरपालिका सूरजपुर में पदस्थ उपअभियंता बसंत जायसवाल, सतीश सिंह एवं नरोत्तम शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव संजय सेंगर ने तिलक लगा व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर किया। उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी गंभीर रूप से जागरूक होकर कार्य करना होगा। इसके लिये आवश्यक है कि हम देश-दुनिया के भविष्य हमारे बच्चों को इसके लिए जागरूक करें और उन्हें पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा प्रदान करें और ना सिर्फ शिक्षा प्रदान करने वरन् उन्हें इस क्षेत्र में क्रियाशील भी बनायें। बसंत जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले तो हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए क्योंकि प्रकृति के द्वारा हम सभी को अनेकों अमूल्य वरदानों ने नवाजा गया है। हमारा कर्तव्य है कि हम उसको सुरक्षित रखते हुए उसका सदुपयोग करें और यह तभी संभव है जब हम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए समर्पित होंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखकर ही हम प्रकृति के ऋण को चुकाने का प्रयास कर सकते हैं। सतीश सिंह व नरोत्तम शर्मा ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के इस ओजोन डे को मनाने का उद्देश्य भी इसी बात पर निर्भर करता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ही ओजोन की परत क्षतिग्रस्त होती है जो कि हम मनुष्यों के लिए हानिकारक है अतः आवश्यक है कि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखें। इसके लिए अति आवश्यक है कि हम सभी ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था जिसमें संस्था विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की शिक्षिका अरूणिमा सिंह ने कार्यक्रम उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक शिक्षिकाओं व बच्चों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के शिक्षक निशान्त मौर्य ने किया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक-शिक्षिका अरूणिमा सिंह, राकेश मिश्रा, निशान्त मौर्य, सुपूनम सोरेन, सुपूजा यादव, सुप्रियंका मण्डल, सुनेहा सिंह व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# चोरी के ट्रेक्टर सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम केशवनगर निवासी विद्याराम ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते दिन अपने ट्रेक्टर को घर के सामने खड़ा किया था जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना करने के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि सिलफिली जंगल मेन रोड़ के किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति महिन्द्रा ट्रेक्टर को बार-बार स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा है, सूचना पर पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची जहां संदेही भोला राजवाड़े पिता मटकू राम उम्र 24 वर्ष ग्राम सुंदरगंज चौकी लटोरी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि शनिवार को सूरजपुर से लौटते वक्त ग्राम केशवनगर में ट्रेक्टर को खड़ा देख उसे चुराकर अम्बिकापुर ले जाकर बेचने की योजना बनाकर ट्रेक्टर को चोरी कर चलाते हुए सिलफिली जंगल तक आया जहां ट्रेक्टर बंद हो गया जिसे कई बार स्टार्ट करने की कोशिश करने पर भी स्टार्ट नहीं हुआ। मामले में चोरी का महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीएच 1122 कीमत 3 लाख 25 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी भोला राजवाड़े को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, एएसआई सोहन सिंह, शशि शेखर तिवारी, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, इन्द्रजीत सिंह, अविनाश सिंह, दरश देवांगन, विकास सिंह, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, जय प्रकाश यादव, खेलसाय, अजय प्रताप, रविशंकर पाण्डेय, दीपक सिंह, योगेश व महिला आरक्षक द्रोपदी राजवाड़े सक्रिय रहे।

# हरतालिका तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

डॉ. आर. एन. एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में हरितालिका तीज पर्व के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने सहपाठी एवं शिक्षको के हाथों में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही अच्छी सुन्दर मेहंदी लगाई। सभी छात्र एवं छात्राओं की मेहंदी अच्छी थी जिसमे प्रथम स्थान पर आफरीन बानों, द्वितीय स्थान पर नुपुर दास एवं बिरेन्द्र एवं तृतीय स्थान पर स्नेहा यादव एवं मनीबा गुप्ता रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या नीत सिंह ने सभी को हरितालिका तीज पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# इंजीनियर दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस के अवसर देश में इंजीनियरों की तरफ से किए गए प्रयासों को स्वीकार करने के रूप में भी मनाया जाता है। इंजीनियरों को कठिन पढ़ाई से लेकर नौकरी के दौरान कई परेशानियों को झेलना पड़ता है। बिना इंजीनियर्स के किसी भी देश का ढांचागत विकास असंभव है। क्योंकि इंजीनियर्स के अथक प्रयासों और महान दिमाग से ही हम नई तकनिकी का प्रयोग करने में सक्षम हैं। मनेन्द्रगढ़ के जनपद सभाकक्ष में अभियंता दिवस मनाया गया. इस मौके पर जिले भर के सभी विभागों के इंजीनियर ने उपस्थित होकर डॉ मोझगुंडम विश्वश्वरैया जी को याद किया.वे आधुनिक भारत के महान अभियंता रहे. भारत के सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न से भी सम्मानित हुए। ऐसे में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही सभी ने अपने अपने वक्तव्य से संबोधित कर डॉ साहब को याद किया इस कार्यक्रम के अंत में एम सी बी जिला का अभियंता संघठन का विस्तार किया गया. सभी इंजीनियर की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संतोष सिंह कुँवर को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है. इस मौके परअपने उद्बोधन में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस की थीम 'सतत भविष्य के लिए इंजीनियरिंग' पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह अवसर इंजीनियरों की सरलता और नवीनता के जश्न का प्रतीक है।उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए पूर्णतः समर्पित भाव से कार्य करने वाले सभी अभियंताओं को ''अभियंता दिवस'' की शुभकामनाएं दी है। इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर, उपस्थित जनों ने दूरदर्शी और प्रख्यात इंजीनियर सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर नपा अध्यक्ष ने किया मुक्तिधाम में पौधारोपण



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना 73 वां जन्मदिन रविवार, 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के दिन मना रहे हैं। व्ही भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा सांभाग के व्यापार प्रकोष्ठ एवं जशपुर विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल के द्वारा स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर के समीप मुक्ति धाम में साफ सफाई एवं पौधा रोपण कर मनाया गया। वह 73वें जन्मदिन पर देश की जनता के लिए खास सौगातें भी दें सकते है पिछले 10 सालों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्म दिवसों को वह खास तरीके से मनाते दिखे हैं। उन्हीं के जन्म दिवस के अवसर पर रामानुजगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा अपने पूरे दलबल के साथ प्राचीन शिव मंदिर के समीप मुक्ति धाम में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई उपारंत छाया एवं फलदार पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता पार्षदो में अशोक जायसवाल, मुकेश जायसवाल ,विजय रावत, अशोक गोड़,सहित संतोष गुप्ता, सनोज दास, पवन गुप्ता, सचिदानंद सिह,नीतीश सिन्हा, राजू राय,रतन सोनी, मंटू ठाकुर, अनिल कुशवाहा,अजय गुप्ता, विनोद केशरी, जगन्नाथ गुप्ता, सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भैंसा चोरी 3 आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी का भैंसा, बिक्री की रकम व परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम गेतरा निवासी समयलाल सिंह ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने 2 रास भैंसा को घर के सामने बांधकर रखा था जिसे 13-14 सितम्बर के दरम्यानी रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379, 411 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना सूरजपुर की पुलिस ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही विजय टोप्पो निवासी कुरूवां को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी मंसूर आलम के साथ उसके अशोक लिलेण्ड वाहन से ग्राम गेतरा से 2 रास भैंसा चोरी कर ग्राम सेमरा निवासी तौसिफ खान को 30 हजार रूपये में बिक्री किए है, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर इन दोनों को भी पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर 2 रास भैंसा, भैंसा बिक्री की रकम 30 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त कर आरोपी विजय टोप्पो पिता शोधन उम्र 28 वर्ष ग्राम कुरूवां, थाना विश्रामपुर, मंसूर आलम पिता अमीनुद्दीन अंसारी उम्र 32 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर, थाना विश्रामपुर, तौसिफखान पिता मुख्तार खान उम्र 22 वर्ष ग्राम सेमरा, चौकी नागपुर, थाना पोड़ी जिला एमसीबी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, संजय सिंह राजपूत, आरक्षक प्रदीप साहू, तेजीलाल साहू, रवि पाण्डेय व लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

# लीगल एड क्लीनिक छात्र संघ का चुनाव संपन्न

## निखिल मांडले, प्रिया सोनी, मनीष रात्रे, ट्वींकल जॉन ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में यदि पहले महाविद्यालय का जब भी जिक्र होता है तो हर कोई छत्तीसगढ़ महाविद्यालय का नाम जरूर लेता है। इसी कड़ी मे बीते कल शनिवार को रायपुर की अग्रणी शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ महाविद्यालय विधि विभाग के लीगल एंड क्लीनिक इकाई में छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक प्रदीप सार्वा एवं सीनियर छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। विधि विभाग द्वारा आयोजित छात्र संघ चुनाव में 4 पद निर्धारित किए गए थे। जिसमे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और सहसचिव थे , छात्र - छात्राओं ने मतदान में उत्साह से भाग लिया और अपने पसंद के प्रत्याशी को अपना मत दिया। जिसमें अध्यक्ष पद पर सबसे अधिक मत प्राप्त कर निखिल मांडले ने जीत हासिल किया और वहीं उपाध्यक्ष के पद पर कु.प्रिया सोनी, सचिव के पद पर मनीष रात्रे एवं सहसचिव के पद पर ट्विंकल जॉन निर्वाचित घोषित किए गए। सभी घोषित प्रत्याशियों ने छात्र-छात्राओं सहित विधि विभाग के समस्त अध्यापकों का आभार व्यक्त किया है। निर्वाचित पदाधिकारियो ने कहा आप सभी को नए सोच के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिस पर हम सभी खरा उतरने का प्रयास करेंगे , हम सब साथ मिलकर एक दूसरे के सहयोग से विधि विभाग सहित महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। अंत में निर्वाचित पदाधिकारियो के द्वारा समस्त छात्राओं एवं अध्यापकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी ।

# रक्तदान के लिए 108 एंबुलेंस के ड्राइवर ने बढ़ाया कदम



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

खेम सिंग वर्मा ग्राम बुडेनी (खरोरा) निवासी जो कि खरोरा स्वास्थ्य केंद्र मे 108 एम्बुलेंस मैं ड्राइवर है। जो पंडरी जिला अस्पताल में दिन ड्यूटी के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर मे एक्सीडेंट के मरीज चंद्र प्रकाश सिन्हा को आपातकालीन बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर 16 सितंबर 2023 को मेकाहारा मैं ब्लड डोनेट किया। साथ ही संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता जोड़ो महा अभियान के तहत सदस्यता भी ग्रहण किया एवं मानवता का परिचय दिया जिसका खरोरा क्षेत्र के आसपास गांव में खूब चर्चा हो रही है। खेम सिंग वर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 108 में ड्राइवर के पोस्ट पर कार्यरत है एवं खरोरा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। उन्हें किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वयं आगे आकर मानवता का परिचय दिया और ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान किया। उनके इस नेक कार्य के लिए हमारे नए सदस्य खेम सिंग वर्मा को संस्था के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव मीडिया प्रभारी प्रमुख सलाहकार कोषाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सदैव स्वस्थ रहने की कामना करते हैं ।

# साढ़े चार साल तक जुआ व शराब के मामले में शांत बैठी पुलिस अचानक सक्रिय

## चुनाव नजदीक आते ही कार्यवाही शुरू, इतने सालों पुलिस के संरक्षण में ही फल फूल रहा था ये व्यापार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चुनाव नजदीक आते ही जिले भर की पुलिस अचानक से सक्रिय हो गई है। राजनांदगांव, मोहला मानपुर चौकी एवं खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के तकरीबन सभी क्षेत्रों में शराब के कोचियों की बड़ी मात्रा में धरपकड़ जारी है और साथ ही जुए के ज्यादातर फड़ों में पुलिस दबिश दे रही है। अच्छा है, कानून व्यवस्था पर अमल होना चाहिए और इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहनी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि पिछले साढ़े चार सालों तक आखिर पुलिस सोयी हुई क्यों थी? क्या ये सभी अवैध धंधे कुछ ही माह पूर्व शुरू हुए हैं ?

जी नहीं, ये सभी धंधे पिछले कई वर्षों से बाकायदा पुलिस के संरक्षण में अनवरत जारी थे लेकिन अब जब चुनाव सर पर है तो इन सभी धंधों पर पुलिसिया कार्रवाई बढ़ गई है ।

कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण में तीनों जिलों में शराब माफियाओं व कोचियों को पनपने का पुलिस ने भरपूर मौक़ा दिया। जुए के फड़ में भी ज्यादातर नेताओं की हिस्सेदारी से इंकार नहीं किया जा सकता। ये तमाम अवैध धंधे पुलिस के संरक्षण में सालों से फल फूल रहे थे लेकिन अब चुनाव के करीब होने से पुलिस अपनी उपस्थिति दर्ज करने में लगी हुई है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले तात्कालीन पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने शराब माफियाओं के बड़े रैकेट का पर्दाफांश किया था और वो उस कड़ी तक पहुँच भी गए थे जहाँ से शराब का ये काला काम किया जा रहा था लेकिन सत्ता सरकार के रसूख ने कानून व्यवस्था को पीछे धकेल दिया और वो कार्यवाही अधूरी ही रह गई।

तीनों जिले में छोटी से लेकर बड़ी मात्रा में शराब का अवैध कारोबार जारी है । यदि शहर की ही बात करें तो तमाम ढाबों में, पुराना बस स्टेण्ड में, जीई रोड में, बसंतपुर में व शहर के भीतरी इलाकों में खुलेआम शराब बेची जा रही है लेकिन पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे कोचियों को पकड़ कर खानापूर्ति कर रही है जबकि शराब माफिया व बड़े मगरमच्छ अब तक बाहर हैं ।

### पार्षद फड़ बिठा रहे

जुए की फड़ों पर भी पुलिस कई महीनों में एक बार दबिश दे रही है जबकि शहर में ही कांग्रेस का एक पार्षद खुलेआम जुए की फड़ बिठा रहा है। बताया जाता है कि नगर निगम के बड़े नेता सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं का भी उक्त पार्षद को वरदहस्त प्राप्त है जिसके कारण बीच बीच में पुलिस केवल दिखावे की कार्यवाही करती है और बाकी समय उसे बिना किसी रोकटोक के जुआ खिलाने दिया जाता है ।

### सुरगी में दूसरे जिलों से धनाढ्य पहुंच रहे

सुरगी इलाके में भी पुलिस के संरक्षण में ही एक ढाबे के पीछे लाखों की फड़ बैठाने की जानकारी मिलती है। बताया जाता है कि दूसरे जिले के किसी हेमंत और बॉबी नाम के व्यक्ति इस फड़ को ऑपरेट करते हैं। इस जगह में राजनांदगांव के बाशिंदों को एंट्री नहीं है। यहां दूसरे जिलों से धनाढ्य लोग 52 पत्तियों की अपनी चाहत पूरी करने आते हैं। इसे काफी हाईप्रोफाईल बताया जाता है। भाई ढाबा के आसपास चल रही इस अवैध गतिविधि पर पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

### पुलिस की कार्यशैली संदेहास्पद

तीनों जिलों में पुलिस की कार्यशैली संदेहास्पद है। चुनाव के नजदीक आने की वजह से गाड़ियों के चेकिंग के बहाने आम जनता व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ना केवल परेशान किया जा रहा है बल्कि चौक चौराहों पर खुलेआम वसूली की जा रही है । पिछले दिनों सोमनी पुलिस ने कंचनबाग के एक व्यक्ति से बड़ी रकम जब्त की थी लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक घर पर सोया हुआ था। उसे थाने बुलाकर रकम जब्त की गई ।

### दिखावे के लिए धर-पकड़

छुरिया क्षेत्र में भी पिछले दिनों जुए के फड़ पर पुलिस ने कार्यवाही की लेकिन कांग्रेस के बड़े नेता को निकलने का उन्होंने भरपूर मौक़ा दिया और छोटे खिलाड़ियों से मात्र कुछ रकम जब्ती दिखाकर वाहवाही लूटी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस केवल दिखावे के लिए इस तरह की कार्रवाईयां कर रही है जबकि बड़े स्तर पर चल रहे शराब और जुए के मामले में पुलिस हाथ बांधे खड़े नजर आती है। सत्ता सरकार में काबिज कुछ नेताओं के संरक्षण में अवैध व्यवसाय फल फूल रहे हैं लेकिन कानून व्यवस्था दिखावे के लिए रह गई है मात्र।

# सुरगी-हल्दी सड़क पर हादसे में अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने सुबह किया चक्काजाम



■ टेंट लगाकर सड़क पर प्रदर्शन करने बैठे ग्रामीण, 5 घंटे बंद रही आवाजाही

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सुरगी इलाके में शनिवार रात को एक अधेड़ की सड़क हादसे में मौत होने के बाद रविवार सुबह ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। सुरगी सहित आसपास के गांव वालेसुबह सात बजे महात्मा गांधी और मृतक की तस्वीर लेकर सड़क पर प्रदर्शन में बैठ गए। हादसे के लिए खराब सड़क को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन से मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए का तत्काल मुआवजा देने की मांग की गई। बीती रात को लगभग 9.30 बजे के आसपास कोटराभाठा के रहने वाले 52 साल के अनुज साहू को एक डंफर ने अचानक अपने चपेटे में ले लिया। हादसे में घटनास्थल पर ही अधेड़ की मौत हो गई। जबकि मृतक के साथी लेखूराम को गंभीर चोटे आई हैं जिसका उपचार जारी है। गौरतलब है कि, इस सड़क के जर्जर होने के चलते ग्रामीणों ने पहले भी कई प्रदर्शन किए हैं। रविवार को इन्हीं मसलों को रखते हुए ग्रामीणों ने टेंट लगाकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। भड़के ग्रामीणों ने सुबह राजनांदगांव-गुंडरदेही मार्ग को बंद कर दिया। सिर्फ दो पहिया वाहनों को आवाजाही की छूट दी गई। बड़ी वाहनों की सड़क में कतार लग गई। ग्रामीण लगातार खराब सड़क को दुरूस्त करने के लिए पहले भी आवाज उठाते रहे हैं। कुछ दिनों पहले भी ग्रामीणों ने सड़क में उतरकर प्रदर्शन किया था। इस बीच कल हुए सड़क हादसे में ग्रामीणों को भड़क़ा दिया। सुबह 7 बजे शुरु हुआ प्रदर्शन दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। ग्रामीण सड़क पर ही टेंट लगाकर बैठे हुए थे। अंततः प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कारियों से बात की। उनकी मांगों पर अधिकारियों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है जिसके बाद ही जल्द इसके मरम्मत का काम शुरु हो जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों के मुआवजा के लिए भी आश्वस्त किया जिसके बाद प्रदर्शनकारी सड़क से हटे और आवाजाही बहाल हुई।

# वनांचल की नन्ही गुड़िया कलकत्ते में खेलेगी शतरंज

■ मानपुर कैम्प्स में कक्षा दूसरी की छात्रा श्रेयशी का राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में चयन

पायनियर संवाददाता < मोहला मानपुर
www.dailypioneer.com



अग्रवाल जन कल्याण एवं अग्रवाल महिला कल्याण समिति तथा जिला शतरंज संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान व प्रदेश शतरंज संघ के सहयोग से सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में हाल ही में अंडर 7 केटेगरी में राज्य शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें विकासखण्ड मानपुर के प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम मानपुर के कक्षा दूसरी में अध्यनरत के.श्रेयशी ने राज्य शतरंज प्रतियोगिता में कुल 5 चक्र में खेलते हुए,कुल 3 अंक बनाकर, तीसरा स्थान बनायाऔर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई। श्रेयशी अंडर 7 राष्ट्रीय शतरंज चैपियनशिप जो कि कोलकता में 21 सितम्बर से 25 सितम्बर तक राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ए. आर.कौर, विकासखण्ड ीति समन्वयक जहिदा खान, समन्वयक देवशंकर तारम ,चंद्रशेखर ठाकुर,संजीव सा वलकर,अजय देवांगन प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम मानपुर के प्रधानपाठक गीता ठाकुर ,शिक्षक तरुण हदगिया, भारत सचान,ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# तुमड़ीबोड में साहू समाज के दिग्गजों ने बनाई रणनीति

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





तुमड़ीबोड स्थित साहू समाज भवन में तहसील साहू संघ डोंगरगांव, डोंगरगढ़ व छुरिया के प्रमुख पदाधिकारियो की विशेष बैठक आहुत की गई। बैठक में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू, तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव हेमंत साहू, डोंगरगढ़ अध्यक्ष हंसराज साहू, छुरिया सचिव ज्ञानचंद साहू की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा संविधान संशोधन पर मांगे गए सुझाव पर वर्तमान डेलीगेट प्रणाली मे 3 सदस्यीय चुनाव प्रणाली को बंद कर पूर्वानुसार 8 सदस्यीय कार्यकारिणी निर्वाचन प्रणाली को पुनः लागू किए जाने, संविधान संशोधन हेतु प्रदेश स्तरीय आमसभा आयोजित कर चर्चा कराए जाने, निर्वाचन से भरे जाने वाले पदो पर मनोनयन पर प्रतिबंध लगाने, अन्तजातीय प्रकरणों की सुनवाई परिक्षेत्र व तहसील स्तर पर कराए जाने, आदि विषय पर सुझाव भेजने पर आमसहमति बनाई गई। बैठक में प्रदेश स्तर, जिला स्तर पर संवैधानिक व्यवस्था अनुसार कोर ग्रुप का गठन, वर्तमान डेलीगेट की समाज मे भूमिका, जिला साहू संघ के एक साल के कार्यकाल की समीक्षा, आगामी विधान सभा चुनाव मे समाज की भागीदारी व भूमिका, सामाजिक सदभाव आदि विषयो पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में धरम साहू, धनराज साहू, प्रेमदास साहू, मूलचंद साहू, हेमसिंग साहू, पूर्णिमा साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू, तुमडीबोड परिक्षेत्र इन्द्रसेन साहू, सचिव राजेश साहू, दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक हेमन साहू, हेमचंद साहू सहित प्रमुखजन शामिल थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र अंबागढ़ चौकी में संचालित योजनाओं का निर्देशक डॉ. एसआरके सिंह ने किया निरीक्षण

**मोहला।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - अटारी जोन-9 जबलपुर के निर्देशक डॉ. एस. आर. के. सिंह द्वारा गत दिवस आदिवासी अंचल अंबागढ़ चौंकी के कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित केंद्र प्रवर्तित योजना डीबीटी बायोटेक-किसान हब, आदिवासी उप परियोजना सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, अंतर्गत चल रही कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत लाभान्वित ग्राम केकतीटोला, सोनसायटोला के कृषकों का कृषि से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ उन्हें उन्नत कृषि तकनीक, ई-मार्केटिंग व सुकर एवं मछली पालन पर राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल एवं केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदमू, फरह, मथुरा द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर इसके पालन करने के लिये कृषकों को प्रोत्साहित किया।ग्राम कौड़ीकसा में कृषक कार्यक्रम अंर्तगत चल रहे गतिविधियों का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजीनियर राजेन्द्र कुमार स्वर्णकार, डॉ.विनम्रता जैन, प्राध्यापक, डॉ. द्विवेदी प्रसाद, वैज्ञानिक डॉ.गुंजन झा, अंजली घृतलहरे, मनीष कुमार सिंह उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग वृत्त-अम्बागढ़ चौंकी द्वारा अवैध शराब विक्रय पर की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

आबकारी अधिकारी वृत्त-अं.चौकी द्वारा गत दिवस 16 सितंबर को प्राप्त सूचना के आधार ग्राम मुजांल में आरोपी शैलेन्द्र कुमार पिता - श्यामलाल कोड़ापे, उम्र-32वर्ष, जाति-गोंड़, निवासी-मुंजाल, थाना-अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के कृषि भूमि में निर्मित लारी की तलाशी लेने 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ फूल से निर्मित कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया है। इसी प्रकार ग्राम मुंजाल, झिटिया सीमा नाला के पास अवैध शराब की सूचना तस्दीक करने व विधिवत तलाशी लेने पर मौके से एक प्लास्टिक ड्रम में 100.00 बल्कलीटर हाथ भट्टी महुआ फूल से निर्मित कच्ची शराब एवं 500 कि.ग्रा. महुआ लाहन बरामद किया गया। शराब के मालिक के संबंध में आसपास गांव वालों से पुछताछ करने पर जानकारी नहीं होने पर मौके पर उक्त मदिरा को जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) लावारिस प्रकरण कायम किया गया है। उल्लेखनीय है कि सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध संघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

# शुभम शुक्ला बने युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीशगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने अपने प्रवक्ताओ की सूची जारी कर दी है। राजनांदगांवके शुभम शुक्ला को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। शुभम ने कहा की छत्तीसगढ़ में जल्द विधानसभा चुनाव हैं। कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का पूरा प्रयास करेगी। दोबारा कांग्रेस की सरकार बनायेंगे। शुभम पूर्व में 2017 में शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगाँव के प्रवक्ता, एनएसयूआई के प्रदेश संयोजक के पद पर रहकर बेहतर कार्य कर चुके हैं।

शुभम शुक्ला ने प्रदेश प्रवक्ता की ज़िम्मेदारी मिलने पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा राज्य पर्यटन मंडल के सदस्य निखिल द्विवेदी, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, प्रदेश प्रभारी पलक वर्मा,आर्यन शर्मा का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

# कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन को प्रधानमंत्री ने किया सार्थक प्रमाणित : कांग्रेस

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि - कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन को प्रधानमंत्री ने रायगढ़ की सभा से प्रमाणित किया। जन सुविधा को दरकिनार कर कोयला परिवहन के लिए अपने पूंजीपति मित्रों की आर्थिक सुविधा को ध्यान रखते हुए 6400 करोड़ की 4 परियोजना की चालू की गई है। कांग्रेस की रेल रोको आंदोलन की सार्थकता को रायगढ़ की सभा ने कोल परिवहन की योजना चालू कर प्रमाणित कर दिया। कांग्रेस का सीधा आरोप है कि कोल व्यवसायी को लाभ देने यात्री ट्रेन निरस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यही नहीं प्रधानमंत्री जिन स्वास्थ्य योजनाओं की बात किए हैं उन योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार लगभग डेढ़ वर्षो से प्रदान कर रही है। रुपेश दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि - भाजपाईतो छत्तीसगढ़ की संस्कृति और न ही छत्तीसगढ़ महतारी के वैभव को पहचान सके थे। भाजपा ने अपनी डूबती राजनैतिक नैया को बचाने का असफल प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र का उपयोग प्रारंभ किया।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**छुरिया।** ग्राम बनिया टोला में जय बजरंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाध्यान में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कबड्डी भारत का सबसे प्राचीन खेल है और यह खेल अब भी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर राजू साहू,भारती साहू, भारत साहू, प्रेमा साहू, चेतन यादव, अभय साहू, रोहित निषाद, तमेश्वर यादव, नूतन निषाद, संतोष बंजारे आदि उपस्थित थे।

## सैकड़ों बाइक की रैली अतिथियों को लेकर सभा स्थल पहुंची

# परिवर्तन यात्रा की अगुवानी में जिला भाजयुमो ने किया शक्ति प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को राजनांदगांव पहुंची परिवर्तन यात्रा का जिला भाजयुमो सैकड़ों कार्यकताओं के साथ फरहद चौक पर भव्य स्वागत किया। सैकड़ों बाईक में सवार भाजयुमो नेताओं और कार्यकताओं ने अगुवानी करते हुए यात्रा को रोड शो के साथ सभा स्थल तक पहुंचाया। राजनांदगांव विधानसभा के युवा पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में जिला भाजयुमो ने बाइक रैली के साथ परिवर्तन यात्रा का राजनांदगांव में भव्य स्वागत किया। फरहद चौक पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावाशहर के दक्षिण - उत्तर व ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों-कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। विधानसभा के अलग - अलग हिस्से से आए युवाओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपने नेताओं को शक्ति प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को जोश देखकर ये तय हो चुका है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार वापस आ रही है। उन्होंने बाईक रैली में शामिल सभी कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम तक डटे रहे। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का भाजयुमो ने मंच पर पुष्पमाला भेंटकर स्वागत किया। मोनू ने परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के तहत बाइक रैली और सभा में शामिल युवाओं को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी , उपाध्यक्षगण देवा झा, पिंटू वर्मा, शशिकांत गंजीर, मंत्रीगण ज्ञानेश गुप्ता, उज्जवल कसेर, शिवम यादव, संयम शर्मा, चिंटू सोनकर, हेमदीप साहू, आशुतोष सिंह, साहिल गोलछा, कमलेश प्रजापति,अंकित ग्रेवाल, साकेत वैष्णव(चिखली), उत्तर - दक्षिण ग्रामीण तीनो मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, जितेंद्र साहू सहित विधानसभा के तीनों मंडल से आशीष जैन, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, कोमल टंडन, निल निर्मलकर, जिला कार्यकारणी सदस्य यश पारख,सूरज नायक, सोहन चौरसिया, मनीष यादवअपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा उपकार चंद्राकर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूधन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल,प्रभारी आकाश ठाकुर, सह प्रभारी संदीप साहू, आरुण दानी, ऋषि देव चौधरी, जिला महामंत्री डिकेश साहू,सुमित भाटिया, गगन आईच, करण कश्यप सहित जिले युवा मोर्चा के पदाधिकारी , उत्तर शहर मंडल, दक्षिण शहर मंडल ,ग्रामीण शहर मंडल के पदाधिकारी, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने सभी कार्यकताओं का, युवाओं का इस रैली को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है।



# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला में मनाया गया पोला उत्सव

**मोहला।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला में गत दिवस छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व 'पोला पर्व' मनाया गया। कार्यक्रम में मेहंदी बनाओ प्रतियोगिता व नंदी बैल और छत्तीसगढ़ के 'पोला पर्व' (दैनिक जीवन) में उपयोग होने वाले मिट्टी के बर्तन बनाकर प्रदर्शित किया गया। साथ ही इस अवसर पर हिन्दी दिवस का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, गीत, कविता तथा नाटक का मंचन करते हुए हमारे जीवन व संस्कृति के संरक्षण में हिन्दी भाषा की महत्ता व भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस प्रतियोगिता में महानदी, अरपा, पैरी व इंद्रावती हाऊस के सभी छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे।

# मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित कराये : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले नौ साल से मांग कर रही है कि महिला आरक्षण विधेयक, जो पहले ही राज्यसभा से पारित हो चुका है, उसे लोकसभा से भी पारित कराया जाना चाहिए। राज्यसभा में पेश/पारित किए गए विधेयक समाप्त नहीं होते हैं। इसलिए महिला आरक्षण विधेयक अभी भी जीवित है। महिलाओं को उनका हक देने केन्द्र सरकार लोकसभा के विशेष सत्र में विधेयक को प्रस्तुत करे। भाजपा का चरित्र महिला विरोधी है। अतः वह महिला विधेयक पारित कराएगी इसकी संभावना कम ही है। भाजपा हमेशा से ही महिलाओं के लिये दुर्भावना रखती है। भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस में जो महिलाओं को पदाधिकारी नहीं बनाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस की सरकारों ने समय-समय पर इस हेतु प्रभावी कदम भी उठाया है। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह 40 प्रतिशत के आसपास है। भाजपा महिलाओं को उनका हक देने विरोधी रही है। आज लोकसभा में भाजपा की मोदी सरकार के पास पर्याप्त संख्या बल है। अतः भाजपा चाहे तो महिलाओं को उसका अधिकार अवश्य मिल जायेगा। कांग्रेस ने अपनी कार्यसमिति में भी महिला आरक्षण के लिये प्रस्ताव पारित किया है। वर्तमान केन्द्र सरकार महिला आरक्षण बिल नहीं पारित करेगी तो कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं को उनका अधिकार कांग्रेस देगी।

## केंद्र द्वारा राज्य से चावल लेने कोटे को घटाने पर भाजपा जवाब दें : सुशील शुक्ला

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मांग किया कि राज्य से लेने वाले सेंट्रल पुल के चावल के कोटे के केंद्र द्वारा की गयी कटौती पर भाजपा जवाब दे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने राज्य से 86 लाख टन चावल लेने का एमओयू किया था लेकिन जैसे ही राज्य सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया केंद्र सरकार ने राज्य के चावल लेने के एमओयू में संशोधन करते हुये 86 लाख मीट्रिक टन को घटाकर 61 लाख कर दिया। केंद्र ने यह निर्णय छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के कहने पर लिया है ताकि राज्य के किसानों के धान की खरीदी सुचारू रूप से न हो पाये। केंद्र के द्वारा छत्तीसगढ़ से चावल लेने के कोटे को घटाने का कोई आधार नहीं है। केंद्र के पास चावल का पर्याप्त भंडार भी नहीं है। हाल ही में कर्नाटका सरकार द्वारा 35 लाख टन चावल केंद्र से खरीदने के प्रस्ताव को केंद्र ने यह कहकर मना कर दिया कि उसके पास चावल का स्टॉक नहीं है। जब चावल का स्टॉक नहीं है तब केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से चावल खरीदने में कटौती क्यों किया? भाजपा नेता जवाब दें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष भूपेश सरकार ने 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जायेगी।

## भगवान विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न जगहों पर पहुंचे सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के लांड्री विभाग तथा जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, रायपुर के द्वारा गांधी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में पहुंचे। अग्रवाल ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दिए और श्रमिक भाइयों की खुशहाली के लिए प्रार्थना किए। अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप हमारे निर्माण श्रमिक भाइयों बहनों के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 30 योजनाएं बनाई संचालित है, इन योजनाओं में लइका से लेकर सियान तक तथा जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं हैं। सभी श्रमिक साथी अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने तथा अपने बच्चों का जीवन सफल बनाएं, क्योंकि मुख्यमंत्री का कहना है की मजदूर का बच्चा अब मजदूर नही रहेगा. इस अवसर नन्द कुमार बघेल, सूरज निर्मलकर, देव कुमार टंडन, भूपेंद्र निर्मलकर, नीलकंठ जगत, शिवनारायण ताम्रकार, जोगी राम साहू, तुकाराम साहू, जीतू साहू, वेणु ताम्रकार सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।






छत्तीसगढ़ शासन

# सर से उतरा कर्ज का बोझ

## खेती-किसानी को मिली नई रफ्तार...






Samvad-36779/78


**17.82 लाख**

किसानों को 9270 करोड़ रुपए का कृषि ऋण माफ

---

**325 करोड़**

रुपए सिंचाई कर माफ




छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403